08 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 228

महाराष्ट्र चुनाव में फिक्सिंग के राहुल के आरोपों को चुनाव आयोग ने बेतुका कहा




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?.................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

# भारत में 11 साल में 27 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले

## विश्व बैंक ने कहा, भारत में अत्यधिक-गरीबी 27.1 से घटकर 5.3 प्रतिशत रह गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत में 11 साल में 269 मिलियन यानी करीब 27 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। यह बात विश्व बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में कही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक अत्यधिक गरीबी रेट 2011-12 में 27.1 फीसदी से घटकर 2022-23 में केवल 5.3 फीसगी रह गयी है। वहीं, 11 साल में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 344.47 मिलियन (34.44 करोड़) से घटकर 75.24 मिलियन (7.52 करोड़) रह गयी है। इस हिसाब से देखा जाये तो 269 मिलियन यानी करीब 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया।

**गरीबी में कमी के पीछे पांच राज्यों का दो-तिहाई योगदान :** यह कार्यक्रम पिछले दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पॉलिसी इनिशिएटिव और इकोनॉमिक रिफॉर्म्स के चलते देखने को मिली है। आंकड़ों के अनुसार 5 राज्यों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में 2011-12 में देश के 65 फीसदी लोग अत्यंत गरीब लोग थे। इन पांच राज्यों ने ही 2022-23 तक राष्ट्रीय गरीबी में कमी में दो-तिहाई का योगदान दिया है।



### शहरों में गरीबी 10.7 से घटकर 1.1 फीसदी पर आयी

विश्व बैंक ने गरीबी का आकलन 3.00 डॉलर प्रति दिन (2021 की कीमतों) की इंटरनेशनल पॉवर्टी लाइन के अनुसार किया है। यह ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गरीबी में तेज गिरावट को दर्शाता है। इसी अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 18.4 से घटकर 2.8 प्रतिशत हो गयी, जबकि शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 10.7 से घटकर 1.1 प्रतिशत पर आ गयी है।

### यह उपलब्धि गरीबी मुक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम: मोदी



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि को सरकार की गरीबों के लिए चलायी गयी पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का परिणाम बताया। मोदी ने कहा कि बीते 11 सालों में केंद्र सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल इंक्लूजन और ट्रांसपेरेंसी पर ध्यान देते हुए कई योजनाएं शुरू कीं, जिनका सीधा लाभ गरीबों को मिला है। आवास योजना से लोगों को घर मिले, उज्ज्वला योजना से स्वच्छ रसोई गैस कनेक्शन, जन धन योजना से बैंक खाते और आयुष्मान भारत से मुफ्त इलाज की सुविधा दी गयी। इसके अलावा डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल सर्विसेज और ग्रामीण विकास से जुड़े कामों ने भी गरीबों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। प्रधानमंत्री ने बताया कि इन सभी प्रयासों से 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकल पाये हैं। यह उपलब्धि भारत को गरीबी मुक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# पानी के लिए तरसा पाकिस्तान भारत के सामने गिड़गिड़ाया

चार पत्र लिखकर की सिंधु जल संधि बहाल करने की अपील

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी लिखा है तीन पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर की गयी कार्रवाई से पाकिस्तान के पसीने छूट गये हैं। भारत के सिंधु जल संधि को स्थगित करने के फैसले से पाकिस्तान बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में भारत के खिलाफ हमले की कोशिश कर रहा पाकिस्तान अब पूरी तरह से घुटनों पर आ गया है। इसलिए वह लगातार भारत के सामने गिड़गिड़ाकर सिंधु जल संधि को बहाल करने की अपील कर रहा है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान करीब चार बार भारत को पत्र लिखकर सिंधु जल संधि दोबारा शुरू करने की गुहार लगा चुका है।

**पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव ने लिखा पत्र:** प्राप्त जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने भारत के जल शक्ति मंत्रालय को कुल चार पत्र भेजे हैं, जिसमें संधि को निलंबित करने के फैसले की समीक्षा करने का आग्रह किया गया है। बताया जा रहा है कि तीन पत्र ऑपरेशन सिंदूर के बाद लिखे गये थे। पाकिस्तान एक ओर संधि को बहाल करने की मांग कर रहा है, तो दूसरी ओर कह रहा है कि जल संधि का निलंबन समझौते का उल्लंघन है। हालांकि भारत की ओर से पत्रों को लेकर प्रतिक्रिया नहीं आयी है।

### पहलगाम हमले के बाद स्थगित किया गया समझौता

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने 23 अप्रैल को सिंधु जल समझौते (1960) को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की घोषणा की। यह कदम पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के जवाब में उठाया गया था। दोनों देशों के बीच चार युद्धों और दशकों से जारी सीमा पार आतंकवाद के बावजूद इस संधि को बरकरार रखा गया था। सिंधु नदी के जल पर पाकिस्तान की 70 फीसदी कृषि निर्भर करती है। कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है।

### संघर्ष विराम के बाद भी समझौते पर स्थगन जारी

भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिन तक चले संघर्ष के बाद 10 मई को इस पर विराम लग गया था। पाकिस्तान की ओर से घुटने टेके जाने के बाद भारत ने 10 तारीख को शाम पांच बजे से संघर्ष विराम का एलान किया। तब विदेश मंत्रालय ने बताया था कि संघर्ष विराम के लिए भारत अपनी शर्तों पर तैयार हुआ है। संघर्ष विराम के बीच सिंधु जल संधि का निलंबन जारी रहेगा।

# मुख्यमंत्री ने दी बकरीद की शुभकामनाएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को बकरीद की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस बाबत पोस्ट किया है। पोस्ट के साथ उन्होने झामुमो द्वारा जारी एक पोस्टर भी लगाया है। हेमंत ने लिखा है कि ईद-उल-अजहा की सभी को दिली मुबारकबाद। आप सभी स्वस्थ, सुखी और खुशहाल रहें, यही दुआ करता हूं।

विधानसभा सचिवालय ने अवैध कब्जे को लेकर लिया एक्शन

# 11 पूर्व विधायकों को नोटिस कमरा खाली करने का निर्देश

कई कमरों में पूर्व विधायकों के परिजन रह रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा सचिवालय ने बड़ा कदम उठाते हुए 11 पूर्व विधायकों को नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्हें अपने फ्लैट खाली करने का निर्देश दिया गया है। ये फ्लैट पुराने विधानसभा परिसर में स्थित विधायक आवास परिसर में स्थित हैं। जारी नोटिस में कहा गया है कि विधायक आवास के कमरों एवं स्टोर रूम को पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर खाली कर दिया जाये, अन्यथा नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई सभा सचिवालय द्वारा ली जायेगी।

**अवैध रूप से कमरे पर है कब्जा:** सूत्रों की मानें तो विधानसभा सचिवालय ने यह कार्रवाई अवैध कब्जे को लेकर की है। आरोप है कि पूर्व विधायकों के परिजन इन फ्लैटों में काफी लंबे समय से रह रहे थे, जिसे विधानसभा सचिवालय ने गंभीरता से लिया है। इन्हें कई बार खाली करने के लिए कहा गया, लेकिन नहीं माने। इसके बाद नोटिस जारी किया गया है।




### इन कमरों पर है अवैध कब्जा

सूत्रों के मुताबिक विधायक आवास के 11 कमरों पर कब्जा है। इनमें कमरा नंबर 48, 123,124,125, 126, 127,137, 207, 208, 209 और 210 शामिल है। इसके अलावा स्टोर रूम में पूर्व सदस्यों के करीबी लोगों ने कब्जा कर रखा है। इन्हें भी खाली करने का नोटिस दिया गया है।

# बेंगलुरु भगदड़ : कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के सचिव और कोषाध्यक्ष का इस्तीफा

आरसीबी के आइपीएल ट्रॉफी समारोह के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में हुई भगदड़ के बाद विवादों में घिरे कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ से बड़ी खबर आ रही है। जानकारी के मुताबिक ए. शंकर और ईएस जयराम ने केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरसीबी के आइपीएल ट्रॉफी समारोह के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली है। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। एक संयुक्त बयान में शंकर और जयराम ने कहा कि उन्होंने गुरुवार रात को केएससीए अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। बताते चलें कि कर्नाटक सरकार ने केएससीए, आरसीबी और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के बाद गुरुवार को अधिकारियों की गिरफ्तारी के आदेश दिये थे। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने भगदड़ मामले में अपने खिलाफ एफआइआर रद्द करने की मांग की थी। इस पर कर्नाटक हाइकोर्ट ने केएससीए के अधिकारियों को 16 जून को अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी से राहत दे दी थी। केएससीए ने हाइकोर्ट में अपनी याचिका में कहा है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर गेट पर भीड़ को मैनेज करने की जिम्मेदारी आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की थी।

## न्यूज रील्स

### 24 घंटे में कोरोना के 391 नये मामले

नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 21 दिन में एक्टिव केसों की संख्या में 62 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 16 मई को देशभर में कोविड के 93 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या अब 5755 पहुंच गयी है। केंद्र सरकार के मुताबिक बीते 24 घंटे में 391 नये मामले सामने आये हैं। इनमें से 229 केस केरल और गुजरात में हैं। वहीं, मौत का आंकड़ा बढ़कर 59 पहुंच गया है।

### सत्यपाल मलिक अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल होने के 15 दिन बाद जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने चुप्पी तोड़ी। मलिक 11 मई से दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने शनिवार को पर पोस्ट के जरिए भ्रष्टाचार के आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि मैं पिछले लगभग एक महीने से अस्पताल में भर्ती हूं और किड़नी की समस्या से जूझ रहा हूं। उन्होंने बताया, 'परसों सुबह से मैं ठीक था लेकिन आज फिर से मुझे आइसीयू में शिफ्ट करना पड़ा। मेरी हालत बहुत गंभीर होती जा रही है। मैं रहूं या ना रहूं इसलिए अपने देशवासियों को सच्चाई बताना चाहता हूं। अगर आज मेरे पास दौलत होती तो मैं प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करवाता।

### उत्तराखंड में हेलिकॉप्टर की सड़क पर इमरजेंसी लैंडिंग

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। इस दौरान हेलिकॉप्टर के पीछे का हिस्सा कार पर गिरते ही टूट गया। कार ड्डी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। हेलिकॉप्टर ने बडासू हेलिपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान ड्डारी थी, जिसमें पायलट समेत 6 यात्री सवार थे। हादसे में पायलट को हल्की चोटें आई हैं। इसके अलावा अन्य यात्री सुरक्षित हैं।

# आजाद सिपाही कैंपस में आंख की नि:शुल्क जांच



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजाद सिपाही के कैंपस में शनिवार को निःशुल्क आंख जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विजन हाउस आइ फाउंडेशन के डॉक्टरों ने आंखों की जांच की। डॉ आरके ठाकुर ने मरीजों की जांच की और उचित परामर्श दिया। कैंप में एक सौ से अधिक लोगों की आंख की जांच हुई। कैंप में दूर-दूर से आये लोगों ने आंखों की जांच करायी। कैंप में मार्केटिंग मैनेजर अमित कुमार, खुशबू कुमारी, पूजा कूजूर, अंजली कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।




# बीजापुर में सात नक्सली ढेर

## टॉप कमांडर सुधाकर और भास्कर भी मारे गये

तीन दिन में दो महिला समेत सात नक्सलियों का एनकाउंटर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के इंद्रावती नेशनल पार्क क्षेत्र में शनिवार को जवानों ने पांच नक्सलियों को मार गिराया है। सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गये हैं।

इसके पहले सेंट्रल कमेटी सदस्य गौतम उर्फ सुधाकर और तेलंगाना कमेटी का सदस्य भास्कर मारा गया था। फोर्स के मुताबिक मारे गये सुधाकर पर 1 करोड़ और भास्कर पर 45 लाख का इनाम था। सुधाकर छुट्टी मनाकर जंगल लौटा था, तभी मुठभेड़ में मारा गया। नक्सलियों के शव के पास से ऑटोमैटिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किये गये हैं।



फाइल फोटो-भास्कर

**सुधाकर का शव पांच जून को मिला था:** प्राप्त जानकारी के मुताबिक 5 जून को पहली मुठभेड़ के बाद सुधाकर का शव बरामद हुआ था। यह वही सुधाकर है, जिसने दंडकारण्य क्षेत्र में नक्सल शिक्षा केंद्रों की शुरुआत की थी। वहीं, 6 जून को नक्सली कमांडर भास्कर मारा गया, जो तेलंगाना स्टेट कमेटी से जुड़ा हुआ था। इसके साथ ही 6 और 7 जून की रात को हुई मुठभेड़ों में तीन और नक्सलियों के शव मिले, जिनमें 2 महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। 7 जून को अंतिम मुठभेड़ में दो अन्य पुरुष नक्सलियों के शव बरामद किये गये। इन पांच शवों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। भास्कर मंचेरियल कोमाराम भीम (एमकेबी) डिविजनल कमेटी का सदस्य और सचिव था। आंध्रप्रदेश के आदिलाबाद का रहने वाला था। इसके पहले 1 करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर भी मारा गया है। सुधाकर नक्सलियों के शिक्षा विभाग का इंचार्ज था। आंध्रप्रदेश के चिंतापालुदी गांव का रहने वाला था।

### हथियार और दस्तावेज हुए बरामद

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुठभेड़ वाली जगह से दो एके-47 राइफल, भारी मात्रा में गोला-बारूद और नक्सली दस्तावेज बरामद किये गये हैं। ऑपरेशन के दौरान कुछ जवानों को सांप और मधुमक्खियों ने काट लिया। फिलहाल सभी खतरे से बाहर हैं। सभी का इलाज जारी है।

### दो इनामी समेत सात नक्सलियों ने किया सरेंडर

वहीं, दंतेवाड़ा में दो इनामी समेत सात नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इनमें जुगलू उर्फ सुंडुम कोवासी (50 हजार इनामी), दशा उर्फ बुरकू पोड़ियाम (50 हजार इनामी), भोजा राम माड़वी, लखमा उर्फ सुती उर्फ लखन मरकाम, रातू उर्फ ओठे कोवासी, सुखराम पोड़ियाम और पंडरू राम पोड़ियाम शामिल हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 08 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# एक साथ कई निशाने साध गया मोदी का 'कूटनीतिक तीर'

## ■ आतंक के खिलाफ भारत की मुहिम का दुनिया भर में बजा डंका

## ■ सांसदों ने विदेश नीति पर एकजुटता दिखा नया उदाहरण सेट किया

आजाद सिपाही विशेष

पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बड़ा फैसला लिया। भारतीय सेनाओं को आतंकियों पर एक्शन के लिए फ्री हैंड दे दिया। इसके बाद भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान को करारी चोट पहुंचायी। भारतीय सशस्त्र बलों ने पड़ोसी मुल्क को इस तरह से ध्वस्त किया कि उसे संघर्षविराम को मजबूर होना पड़ा। यही नहीं, इसके बाद मोदी सरकार ने कूटनीतिक दांव से दुनिया के सामने पाकिस्तान की पोल खोलने का फैसला लिया। भारत ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों को बेनकाब करने के लिए बेहद खास रणनीति अपनायी। इस रणनीति में सभी दलों के सांसदों को शामिल किया गया। मोदी सरकार ने इसमें विपक्षी सांसदों शशि थरूर, सलमान खुर्शीद और असदुद्दीन ओवैसी को अहम जिम्मेदारी देकर एक तीर से कई निशाने साधे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि ऐसे नेता की रही है जो अकसर ही अपने फैसलों से चौंकाते रहे हैं। ऐसा ही कुछ ऑपरेशन सिंदूर के बाद नजर आया, जब पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए सरकार ने सांसदों के अलग-अलग दलों को दुनिया भर में भेजने का फैसला किया। पीएम मोदी ने इन सियासी दिग्गजों पर यूं ही भरोसा नहीं जताया, बल्कि इन नेताओं की कूटनीति और मुस्लिम राष्ट्रों के प्रति इनकी अहम जानकारी को ध्यान में रखा गया। यह रणनीति बिल्कुल वैसी ही थी, जैसा कि 1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीएम नरसिंह राव ने अपनाया था, जब उन्होंने भाजपा के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी को इसी तरह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत का नेतृत्व करने के लिए चुना था। उस समय अटल बिहारी वाजपेयी के वहां पहुंचने पर पाकिस्तान भी हैरान था। पीएम मोदी ने भी कुछ वैसा ही निर्णय लिया। अपनी सरकार के आलोचकों को प्रधानमंत्री मोदी ने इस महत्वपूर्ण मिशन पर भेजा। इन नेताओं ने अलग-अलग देशों में आतंकियों के पनाहगाह माने जाने वाले पाकिस्तान को जमकर सुनाया। इस कूटनीतिक मिशन ने विदेश नीति पर भारत की एकजुटता तो प्रदर्शित की ही, सांसदों ने देश के भीतर की राजनीति को भी नयी दिशा दे दी है। अब जब ये प्रतिनिधिमंडल लौट आये हैं, इस पूरे घटनाक्रम के बारे में बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह


'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिए जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतियां और भारत की छवि को बदनाम करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसदों ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह और पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाये, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त और प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखायी देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नये संकेत दे रही है, क्योंकि इसने भारत में एक नये और सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है।

### थरूर और ओवैसी ने बटोरी तारीफ

वैसे तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर और एआइएमआइएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नये किरदार में नजर आये हैं। थरूर को लेकर कांग्रेस पार्टी में शुरू से ही विरोध और विरोधाभास की स्थितियां बनी रही। विदेशों में सटीक और प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरूर ने जहां असंख्य भारतीयों की वाहवाही लूटी, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है।

### अन्य सांसदों ने भी खींची बड़ी लकीर

बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमंडल में गये अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची। इनमें एआइएमआइएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी, जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं, ने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गयी फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए। ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता, तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाइचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुरायी भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है, जिसके बाद वह जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि हमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आये हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि श्रीकृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचायें। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।



### अपने फैसलों से चौंकाते रहे हैं पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि ऐसे नेता की रही है, जो अक्सर ही अपने फैसलों से चौंकाते रहे हैं। दुनिया भर में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला भी ऐसा ही कुछ था। पीएम मोदी ने इन सियासी दिग्गजों पर यूं ही भरोसा नहीं जताया, बल्कि इन नेताओं की कूटनीति और मुस्लिम राष्ट्रों के प्रति इनकी अहम जानकारी को ध्यान में रखा गया।

### असरदार रहा भारत का दांव

भारत के इस दांव का असर हुआ। भारतीय प्रतिनिधिमंडल जहां-जहां भी गया, वहां की सरकार ने सभी मुद्दों को समझा। कई देशों ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का समर्थन किया। इस कदम से पाकिस्तान पर एक तरह का अंतरराष्ट्रीय दबाव जरूर बढ़ा है कि वह आतंकवाद को लेकर अपनी हरकतों से बाज आये।

### पीएम मोदी के कूटनीतिक दांव से पाकिस्तान पड़ा अलग-थलग

पीएम मोदी के ओवैसी को प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने कई वजहें थीं। इनमें सबसे प्रमुख बात यही थी कि वह बड़े मुस्लिम चेहरा हैं। ओवैसी जब मुस्लिम देशों के सामने भारत का पक्ष रखेंगे, तो उनकी बात में एक अलग वजन होगा। इसका असर नजर आया। पाकिस्तान के खिलाफ दुनिया के देशों ने आवाज बुलंद की।

### क्या किया था नरसिंह राव ने

मोदी सरकार का यह कदम 1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव द्वारा अपनाये गये कदम के अनुरूप था। उस समय भारत सरकार ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार से जुड़े सत्र में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने का फैसला किया था। इसका उद्देश्य कश्मीर समस्या पर भारत का पक्ष रखना और पाकिस्तान द्वारा समर्थित एक प्रस्ताव को विफल करना था, जिसमें नयी दिल्ली की निंदा की जाती। उस समय यह प्रयास बहुत सफल रहा था। वाजपेयी के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के हस्तक्षेप के कारण पाकिस्तान का प्रस्ताव गिर गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने विदेश नीति के धुरंधर माने जाने वाले विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी को प्रतिनिधिमंडल का प्रमुख नियुक्त किया था। उनके साथ कश्मीर के फारूक अब्दुल्ला और राव सरकार के विदेश राज्यमंत्री सलमान खुर्शीद भी थे। संयुक्त राष्ट्र के बारे में गहन जानकारी के साथ प्रतिनिधिमंडल को मजबूत करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में भारत के तत्कालीन राजदूत हामिद अंसारी को भी शामिल किया गया था।

---

# बिहार चुनाव के लिए एनडीए में सीट बंटवारे का फार्मूला तय!

## जदयू-भाजपा को 102-102 और चिराग को 28 सीटें दी जायेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय हो गया है। सूत्रों के मुताबिक विधानसभा की 243 सीटों में जदयू और भाजपा करीब-करीब बराबर सीटों पर लड़ेगी। दोनों पार्टियों को 102-102 सीटें देने पर सहमति बनी है। वहीं एनडीए के अन्य सहयोगी दल चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) को 28 सीटें, जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को छह और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को चार सीटें देने का फार्मूला सेट हुआ है। हालांकि इसकी अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



सूत्रों के अनुसार, चिराग पासवान ने 40 सीटों पर दावेदारी की है, लेकिन उन्हें 28 सीटें दी जायेंगी। इसी तरह 40 सीटों की दावा करने वाले जीतन मांझी को छह सीटें मिलेंगी। 2020 के चुनाव में भी पार्टी सात सीटों पर लड़ी थी और चार सीटें जीती थीं।

इस सीट बंटवारे के तहत एनडीए के घटक दलों को साधने की कोशिश की गयी है। इसी फार्मूले के तहत सीट बंटवारा तय माना जा रहा है, लेकिन अभी इसकी अंतिम घोषणा होनी बाकी है। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए में जदयू, भाजपा, हम और मुकेश सहनी की वीआइपी शामिल थी। तब भाजपा 110, जदयू 115, हम सात और सहनी की पार्टी ने 11 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इसमें भाजपा सबसे ज्यादा 74 सीटें जीती थी, वहीं जदयू 43, हम चार और वीआइपी ने भी चार सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2020 में चिराग की लोजपा (आर) अकेले चुनाव लड़ी थी। वहीं उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी ने थर्ड फ्रंट बनाया था। जिसमें बसपा, ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम शामिल थी। इसमें कुशवाहा की पार्टी ने एक भी सीट नहीं जीती थी, लोजपा (आर) को एक सीट मिली थी, वहीं एआइएमआइएम 20 सीटों पर लड़कर पांच सीटें जीती थी। बिहार में कुल 243 विधानसभा सीटें हैं और इसी वर्ष अक्तूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव संभावित है।

---

## मुर्शिदाबाद हिंसा में चार्जशीट दाखिल

# 13 लोगों को बनाया गया नामजद अभियुक्त

### वक्फ बिल के खिलाफ बंगाल में हुए थे प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने मुर्शिदाबाद के जाफराबाद में अप्रैल में हुई हिंसा में पिता-बेटे के डबल मर्डर मामले में शुक्रवार को 13 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। राज्य में 11-12 अप्रैल को नये वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ उग्र हो गयी थी। इसके बाद हिंसा भड़क गयी थी। इसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। इस हिंसा को लेकर कलकत्ता हाइकोर्ट की तरफ से जांच समिति गठित की गयी थी। पिछले महीने समिति ने गंभीर खुलासे किये थे। इसमें कहा गया है कि हिंसा में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता की भूमिका थी। हमलों का नेतृत्व स्थानीय पार्षद महबूब आलम ने किया। रिपोर्ट के अनुसार हिंसा में खासतौर पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय रही। पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं पहुंची। दरअसल, 17 अप्रैल को हाइकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य शामिल थे। हिंसा के दौरान दक्षिण 24 परगना के शोणपुर इलाके में पुलिस से झड़प के बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों में आग लगा दी थी। पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया था।

पश्चिम बंगाल के गवर्नर सीवी आनंद बोस ने चार मई को मुर्शिदाबाद दंगे पर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें कट्टरपंथ और उग्रवाद को पश्चिम बंगाल के लिए बड़ा खतरा बताया था। गवर्नर ने कहा था कि बंगाल को दोहरा खतरा है, खासतौर पर बांग्लादेश से सटे मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में ज्यादा है, क्योंकि यहां हिंदू आबादी अल्पसंख्यक हैं। उन्होंने नॉर्थ दिनाजपुर को भी संवेदनशील जिला बताया था। बंगाल गवर्नर ने दावा किया था कि मुर्शिदाबाद हिंसा पहले से ही प्लान की गयी थी। राज्य सरकार को पहले से खतरे का अंदेशा था, क्योंकि आठ अप्रैल को वक्फ (संशोधन) एक्ट जारी होने के तुरंत बाद हिंसा भड़क गयी और राज्य सरकार ने उसी दिन इंटरनेट बंद कर दिया।

---

# महाराष्ट्र चुनाव में फिक्सिंग के राहुल के आरोपों को चुनाव आयोग ने बेतुका कहा

### यह बदनाम करने की साजिश है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों पर हालिया टिप्पणियों ने नये विवाद को जन्म दे दिया है। चुनाव आयोग ने उनके दावों को जोरदार तरीके से खारिज कर दिया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र चुनाव 'लोकतंत्र में धांधली करने की योजना' का हिस्सा थे और यह 'मैच फिक्सिंग' बिहार और अन्य राज्यों में भी फैल जायेगी, जहां भाजपा हार रही है। चुनाव आयोग ने इन आरोपों को 'निराधार' और 'कानून के शासन का अपमान' बताते हुए खारिज कर दिया है।




एक्स पर एक पोस्ट में शनिवार को राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ पार्टी पर जीत सुनिश्चित करने के लिए फर्जी चुनाव कराने का आरोप लगाया। उनके आरोपों में फर्जी मतदाताओं को जोड़ने, मतदान प्रतिशत बढ़ाने, फर्जी मतदान की सुविधा देने और सबूत छिपाने सहित कई कथित अनियमितताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इस तरह की प्रथाएं बिहार जैसे अन्य राज्यों में भी फैलेंगी, जहां आगामी चुनावों में भाजपा को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। राहुल ने कहा कि चुनाव कैसे चुराया जाये, 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का खाका है। उन्होंने एक कथित चरण-दर-चरण प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार की, जिसकी शुरुआत चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए पैनल में धांधली से होती है और धोखाधड़ी के सबूत छिपाने के साथ समाप्त होती है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि धोखेबाज जीत सकते हैं, लेकिन इस तरह की प्रथाएं लोकतंत्र को कमजोर करेंगी और संस्थानों में जनता का भरोसा खत्म करेंगी।

चुनाव आयोग ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए राहुल के दावों को बेतुका और भ्रामक बताया। एक बयान में आयोग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की चिंताओं पर उसका विस्तृत जवाब दिसंबर 2024 से आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। चुनाव आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि बिना सबूत के आरोप न केवल कानून का अपमान करते हैं, बल्कि निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करने वाले चुनाव कर्मचारियों का मनोबल भी गिराते हैं। आयोग ने कहा कि किसी के द्वारा फैलायी गयी कोई भी गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है, बल्कि उनके राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की बदनामी भी करती है और लाखों चुनाव कर्मचारियों का मनोबल भी गिराती है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.6 °c | 21.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.33 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.05 बजे |



# सावधान! चालान से बचने के लिए दोपहिया वाले आपकी कार का नंबर कर रहे इस्तेमाल

## घर में खड़ी है कार, कट रहा स्कूटी का चालान, ट्रैफिक एसपी ने कहा- पुलिस को तुरंत दें सूचना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में ट्रैफिक चालान को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया गया है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के पते पर सीधे चालान पहुंच रहा है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि दो दर्जन से ज्यादा ऐसे लोगों का ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन का चालान काटा गया है जिसके पास कार है लेकिन उनका चालान स्कूटी का कटा है।

**हैरत में हैं वाहन मालिक :** रांची के कुछ वाहन मालिक हैरत में हैं। वह चलाते कार हैं, लेकिन चालान स्कूटी का कट रहा है, हैरानी की बात है कि नंबर उनकी कार का ही है। अधिकांश वैसे लोगों का चालान कट कर आया है जिनके चार पहिया वाहन ज्यादातर गैरेज में पार्क रहते हैं। कुछ लोग कार के नंबरों का इस्तेमाल अपनी स्कूटी और बाइक में कर रहे हैं, ताकि ट्रैफिक चालान से बचा जा सके। ऐसे लोग बाइक चोर गिरोह के सदस्य भी हो सकते हैं ऐसे में जरूरी है कि आप सावधान हो जायें।

**दोपहिया वाहनों में कार के नंबर का हो रहा इस्तेमाल :** जानकारी के अनुसार राजधानी में चोरी के दो पहिया वाहनों पर भी कार का नंबर लगाकर स्कूटी और बाइक का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऑटोमेटिक चालान की वजह से इस बात का खुलासा हो रहा है। जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस वैसे वाहनों की तलाश में जुट गयी है जो नंबर प्लेट बदल कर चोरी के वाहनों का इस्तेमाल राजधानी में कर रहे हैं।

**सावधान रहने की जरूरत:** ऐसे में लोगों को सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि आपकी कार या फिर दूसरे वाहन का नंबर कोई दूसरा इस्तेमाल कर रहा है। जो इस्तेमाल कर रहा है वह चोर भी हो सकता है, या फिर वैसा व्यक्ति जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है और फाइन से बचने के लिए इस जुगत का इस्तेमाल करता हो।




### कई लोग चालान से बचने के लिए भी लगा रहे जुगाड़

आपको बता दें कि रांची के लगभग सभी चौक-चौराहों पर अब ट्रैफिक पुलिस चालान नहीं काट रही है। बल्कि कैमरे से चालान काट रहे हैं। जैसे ही कोई ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करते हुए दिखता है, तुरंत उसका चालान कट जाता है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोग चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट का एक नंबर किसी चीज से छिपा देते हैं। कई ड्राइव के समय नंबर प्लेट पर कपड़ा डाल देते हैं, ताकि वह कैमरे में न दिखे और उनका चालान ही न कटे।

### कार्रवाई की जायेगी : ट्रैफिक एसपी

रांची के ट्रैफिक एसपी सुरेश करमाली ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति के चार पहिया वाहन का चालान कटा है और चालान में फोटो दो पहिया वाहन का है वे तुरंत ट्रैफिक एसपी के कचहरी स्थित कार्यालय में संपर्क करें। पीड़ित से एक आवेदन लेकर उनके चालान को रद्द कर दिया जायेगा और नंबर प्लेट बदलकर वाहन चलाने वाले शख्स की तलाश शुरू कर दी जायेगी। वहीं ट्रैफिक एसपी ने आम लोगों से यह भी अपील की है कि अगर उनके के नंबर पर स्कूटी का चालान कट रहा है तो वह स्थानीय थाने में भी एक आवेदन जरूर दें। रांची के ट्रैफिक एसपी सुरेश करमाली ने बताया कि ऐसे मामले ट्रैफिक थानों में रिपोर्ट किये गये हैं, जिसके बाद वैसे तमाम वाहनों की तलाश शुरू कर दी गयी है जो नंबर प्लेट बदलकर चोरी के वाहन छिपाने के लिए या फिर फाइन से बचने के लिए शहर में घूम रहे हैं।

### घर में खड़ी कार का भी चालान

राजधानी में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जिनमें लोगों की कार उनकी गेराज में खड़ी है और उनका चालान कट जा रहा है। चालान को देखकर लोग हैरानी में पड़ जा रहे हैं क्योंकि उनके पास चारपहिया वाहन है और चालान दोपहिया वाहनों का पहुंच रहा है। ऑनलाइन चालान से बचने के लिए नंबर टेंपरिंग भी हो रही है। रांची के ट्रैफिक एसपी सुरेश करमाली ने बताया कि ऐसे लोगों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक एक दर्जन से ज्यादा ऐसे दो पहिया वाहनों पर फाइन किया गया है जो नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। ट्रैफिक एसपी के अनुसार नंबर टेंपरिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का देवघर दौरा स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रस्तावित देवघर दौरा फिलहाल स्थगित हो गया है। राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार देर शाम जिला प्रशासन और राज्य के अधिकारियों को यह जानकारी दी। दौरा स्थगित होने के कारण अब वे 10 जून को देवघर नहीं आयेंगी। बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू 11 जून को देवघर के एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाली थीं। इससे पहले उनका बाबा धाम मंदिर में पूजा करने का भी कार्यक्रम था। अब अगला शेड्यूल जारी होने के बाद ही दीक्षांत समारोह की तिथि तय की जायेगी।



# गुरुजी से गुरूर, हेमंत से हिम्मत, बसंत से बहार-झामुमो के पोस्टर में दिखी नयी ऊर्जा




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मनोज पांडेय द्वारा जारी एक पोस्टर खूब चर्चा में है। पोस्टर में पार्टी के तीन प्रमुख चेहरों दिशोम गुरु शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके छोटे भाई बसंत सोरेन को लेकर एक नारा लिखा गया है 'गुरुजी हैं तो गुरूर है, हेमंत हैं तो हिम्मत है, बसंत हैं तो बहार है, इसीलिए तो झामुमो की लोकप्रिय सरकार है।' इस पोस्टर में 'गुरुजी' के रूप में पार्टी के संस्थापक शिबू सोरेन को जनभावनाओं का प्रतीक बताया गया है, वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शासन की दृढ़ता और छोटे भाई बसंत को उम्मीद और नवचेतना से जोड़ा गया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से नौकरी व व्यवसाय में उलझनों से राहत मिलेगी। लम्बित कार्य पूरा करने में व्यस्तता रहेगी।

**वृष** परिस्थिति में सुधार होगा,कर्मक्षेत्र में बाधाएं तो आयेगी परंतु आप अपनी चतुराई व सूझ-बूझ से उनसे छुटकारा पा लेंगे।

**मिथुन** भाग्योन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यवसाय में रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** सम्पत्ति सम्बन्धी अनेक समस्याएं उत्पन्न होगी,आय कम होगी। जिसके कारण बचत कम होने से मन उदास रहेगा।

**सिंह** आप इस समय किसी राजकीय विपत्ति के शिकार हो सकते हैं, व्यावसायिक उलझनें भी बढ़ने की संभावना।

**कन्या** प्रयास व परिश्रम से सफलता मिलेगी, मनोवांछित कार्य पूरे होंगे, रोमांस के लिए समय ठीक है।

**तुला** विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी,परिवार में शुभ व धार्मिक कार्य होंगे।

**वृश्चिक** परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा.रिस्तेदार व मित्रों से मेल-मिलाप होगा।

**धनु** परिश्रम-प्रयत्न से आय में आशानुकूल वृद्धि होगी,शुभ कार्य की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी।

**मकर** घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, दैनिक कार्य सरलता से पूरे होंगे।

**कुंभ** आज आप व्यस्त रहेंगे,लम्बित काम निपटायेंगे,स्थितियां धीरे-धीरे सामान्य होती जायेगी।

**मीन** वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी लेकिन आर्थिक लेन-देन सावधानी से करें।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## पूर्व मुख्यमंत्री ने दुमका में राज्य सरकार पर साधा निशाना

# झारखंड को नागालैंड-मिजोरम बनने में देर नहीं : रघुवर दास

**जनजातीय समाज को जागरूक करने के लिए पदयात्रा करूंगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शनिवार को दुमका पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में जनजातीय समुदाय की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। राजय सरकार वोट बैंक की खातिर इसे पिछड़ा अवस्था में ही रखना चाहती है। रघुवर दास ने यहां तक कह दिया कि इस राज्य का एक ग्रुप इन्हें इसाई प्रदेश तो दूसरा ग्रुप इसे इस्लामी प्रदेश बनाना चाहता है। अगर यही हाल रहा तो तो झारखंड की स्थिति नागालैंड और मिजोरम जैसी हो जायेगी।

इसे बचाने के लिए झारखंड में एक और हूल (आंदोलन) की आवश्यकता है। मैंने इसके लिए प्रयास शुरू कर दिया है। बारिश के मौसम के बाद जनजातीय समाज को जागरूक करने के लिए मैं पद यात्रा पर निकलूंगा। रघुवर दास ने यह बातें दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में कही।

**पेसा कानून लागू करने की मांग :** रघुवर दास ने हेमंत सरकार से यह मांग की है कि जल्द से जल्द पेसा कानून लागू करें। इससे जनजातीय समुदाय का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सचिव ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर कहा कि 1400 करोड़ रुपये का फंड तभी दिया जा सकता है, जब आप पेसा कानून लागू करेंगे।

रघुवर दास ने सरकार से यह सवाल किया कि आखिरकार किसके दबाव में पेसा कानून लागू नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों के हित और विकास के नाम पर अबुआ सरकार सत्ता में तो आ गयी है, पर वह इस समुदाय के लिए कोई भी काम नहीं कर रही है। वर्षों से यह समाज विकास के लिए संघर्ष कर रहा है। इसके भी अपने सपने, आकांक्षाएं हैं लेकिन उस पर सीएम का ध्यान नहीं है। रघुवर दास ने कहा कि सीएम ने मंईयां सम्मान योजना की घोषणा कर वोट तो ले लिया लेकिन लगातार उसके लाभुकों की संख्या में कटौती कर रही है। इससे साफ पता चलता है कि यह सरकार महिलाओं की भी हितैषी नहीं है।



### धर्मांतरण और घुसपैठ को सरकार का संरक्षण

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि आज झारखंड में जो घुसपैठ हो रहा है, वह काफी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में पीएफआइ पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन वर्तमान सरकार उसे छूट दे रही है। पीएफआइ और सिमी में कोई अंतर नहीं है। धर्मांतरण और घुसपैठ को यह सरकार समर्थन दे रही है, जो इस राज्य के लिए काफी चिंताजनक है। अपने राजनीतिक भविष्य के संबंध में उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहा हूं। मुझे भारतीय जनता पार्टी ने काफी सम्मान दिया है। अब मुझे किसी पद की लालसा नहीं है।

# रघुवर का बयान राज्य की सामाजिक एकता पर हमला है : तनुज खत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा दुमका में दिये गये हालिया बयान में यह कहना कि झारखंड को एक ग्रुप इसाई प्रदेश और दूसरा इस्लामी प्रदेश बनाना चाहता है न सिर्फ भ्रामक है, बल्कि यह झारखंड की सदियों पुरानी सामाजिक समरसता और धर्मनिरपेक्ष चरित्र पर सीधा हमला है। उक्त बातें जेएमएम के प्रवक्ता तनुज खत्री ने कहीं। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक पूर्व मुख्यमंत्री इस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, जो समाज को बांटने, भय फैलाने और सस्ती राजनीतिक लोकप्रियता पाने का प्रयास है।



**रघुवर दास का दोहरा चरित्र जनता भूली नहीं है :** जब रघुवर दास मुख्यमंत्री थे, तब उन्हीं के नेतृत्व में झारखंड की आत्मा सीएनटी और एसपीटी कानून के साथ खुला खिलवाड़ किया गया। आदिवासियों की जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करने की साज़िश उसी सरकार में रची गयी थी। उनके शासनकाल में कई निर्दोष आदिवासियों का एनकाउंटर, आंदोलनकारियों पर देशद्रोह के मुकदमे और पत्थलगड़ी जैसी परंपराओं का दमन हुआ। आज वही नेता आदिवासियों की हालत पर चिंता जताकर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं।

### झारखंड को डराने की नहीं, जोड़ने की जरूरत है

हेमंत सोरेन सरकार राज्य की सांविधानिक मूल भावना लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और आदिवासी अस्मिता को मजबूती से आगे बढ़ा रही है। सरना कोड की मांग, स्थानीय नीति, छात्रवृत्ति योजनाएं, रोजगार सृजन ये सब मूलवासी-आदिवासी हितों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। रघुवर दास जैसे नेता धार्मिक ध्रुवीकरण का सहारा लेकर जो जहर बोने की कोशिश कर रहे हैं, झारखंड की जागरूक जनता उसे सिरे से नकारती रही है और आगे भी नकारेगी।

# अब गरीब कैदियों को जमानत या रिहाई पाने में मिलेगी केंद्रीय कोष की मदद

**केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड के गृह सचिव और जेल आइजी को दी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अब गरीब कैदियों को केंद्रीय कोष से जमानत या रिहाई पाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड के गृह सचिव और जेल आइजी को इस बारे में सूचित किया है। यह उन कैदियों के लिए एक बड़ी राहत है जो आर्थिक तंगी के कारण जुर्माना नहीं भर पा रहे थे। झारखंड में अलग-अलग जेलों में बंद गरीब कैदियों की जमानत और रिहाई के लिए अब केंद्रीय कोष का इस्तेमाल किया जायेगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता देना है, जो आर्थिक तंगी के कारण जुर्माना अदा नहीं कर पाने के कारण जमानत या जेल से रिहाई नहीं पा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह गरीब कैदियों को सहायता योजना मई 2023 में शुरू की थी। इस योजना के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो को केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है, जिसके माध्यम से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को धनराशि प्रदान की जाती है। मंत्रालय ने बताया कि बार-बार याद दिलाने के बावजूद, कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने धनराशि का उपयोग नहीं किया है, क्योंकि उन्होंने गरीब कैदियों की पहचान नहीं की और उन्हें योजना का लाभ नहीं दिया। कुछ राज्यों ने धनराशि का उपयोग तो किया, लेकिन समग्र कार्यान्वयन संतोषजनक नहीं रहा।

# आदिवासी लड़कियों के साथ छेड़छाड़ में पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई : बाबूलाल

**मुस्लिम युवकों ने की थी छेड़छाड़, राज्य सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रामगढ़ जिले में आदिवासी नाबालिग लड़कियों के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले को लेकर झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 4 जून को दामोदर नदी में नहाने गयी 6 आदिवासी नाबालिग लड़कियों और एक महिला के साथ कुछ मुस्लिम युवकों ने अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ की। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में पानी की समस्या के चलते महिलाओं को नहाने के लिए नदी पर जाना पड़ता है, जहां ये असामाजिक तत्व रोजाना महिलाओं और बच्चियों को परेशान करते हैं। पीड़ित आदिवासी पक्ष द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। यहां तक कि जिन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया था, उन्हें भी कुछ मुस्लिम नेताओं के दबाव में छोड़ दिया गया।

मरांडी ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार ने तुष्टिकरण के चलते न्याय तंत्र को इतना लचर बना दिया है कि आदिवासी बेटियों की इज्जत से खेलने वालों को मजहब देखकर बचा लिया जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि आपने आदिवासियों को अबुआ सरकार के सपने दिखाये थे, कम से कम उन्हें तो अपने वोट बैंक की राजनीति का शिकार मत बनाइये। रामगढ़ पुलिस एसपी से बात कर मरांडी ने उन्हें पूरी तरह निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि दोषियों को सख्त सजा मिल सके। मरांडी ने कहा कि जल्द से जल्द इस मामले में संज्ञान लेकर असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि ऐसी शर्मनाक घटनाएं दोहरायी न जायें और आदिवासी समाज की बेटियां अपने ही गांव में असुरक्षित महसूस न करें।




# दिल्ली स्थित झारखंड भवन में एजेंसी की मनमानी के खिलाफ विधायक शशिभूषण मेहता धरना पर बैठे

**मामला सीएमओ से लेकर विधानसभा अध्यक्ष तक पहुंचा**

**विधानसभा अध्यक्ष की पहल पर विधायक ने धरना समाप्त किया, मिला कमरा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू/रांची।** पलामू जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को दिल्ली स्थित झारखंड भवन में कमरा नहीं मिला। इससे वह नाराज हो गये। इसके बाद वे रिसेप्शन के पास धरना पर बैठ गये। इस संबंध में शशिभूषण मेहता से आजाद सिपाही संवाददाता ने फोन पर बात की। उन्होंने बताया कि वह अपना इलाज कराने दिल्ली आये हैं। यह आने से पहले 03 जून को ही झारखंड भवन में अपने नाम से दो कमरा बुक कराये थे। तरुण नाम के व्यक्ति से बुकिंग कंफर्म भी कराया। जब वे झारखंड भवन पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि उनके नाम से केवल एक ही कमरा है। साथ में रहने वाले व्यक्ति को कहीं और ठहराया जायेगा। इसपर उन्होंने आपत्ति जतायी और पूछा कि जब हमने पहले ही कमरा बुकिंग कराया था इसका कंफर्मेशन भी किया गया था। फिर एक ही कमरा क्यों दिया जायेगा। इसके बाद वहीं रिसेप्शन के सामने धरना पर बैठ गये। अपना सामान भी वहीं रख दिया। इसके बाद टिफिन खोल कर खाना शुरू कर दिया। शशिभूषण मेहता ने इसे अपमानजनक बताया। उन्होंने इस बात की शिकायत चीफ सेक्रेटरी से लेकर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष तक कर दी। विधायक कल्पना सोरेन और सांसद संजय सेठ से भी इसकी शिकायत की गयी। इसके बाद सीएमओ और विधानसभा अध्यक्ष के एक्टिव होने के बाद उन्हें कमरा दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है इसकी शिकायत लिखित रूप से दें कार्रवाई की जायेगी। शशिभूषण मेहता ने कहा कि झारखंड भवन में जिस प्रकार से उन्हें अपमानित किया गया, वह राज्य के विधायकों के लिए उपयुक्त नहीं है। शशिभूषण मेहता ने कहा कि झारखंड भवन में जो व्यवस्था है, वह असंतोषजनक है। झारखंड भवन का संचालन के लिए जिस एजेंसी को दिया गया है वह मनमानी करती है। विधायकों के साथ इस प्रकार का व्यवहार करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां झारखंड से ज्यादा बाहर के लोगों को तरजीह दी जाती है। एजेंसी वाले कमीशन के चक्कर में परेशान करते हैं। विधायक ने सवाल उठाया कि सरकार ने इसे बनाने में करोड़ों रुपये खर्च कर दिये, अब लाभ किसे मिल रहा यह स्पष्ट नहीं है। विधायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की कि झारखंड भवन की व्यवस्थाओं में सुधार किया जाये। उन्होंने कहा है कि जो लोग इस प्रकार की गलत व्यवस्थाएं कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि इसकी लिखित शिकायत कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भी फोन कर इस व्यवहार पर दुःख जताया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# जमीन के धंधे में डराने-धमकाने के लिए खरीद रहे थे हथियार, पुलिस ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में दो जमीन कारोबारी को अवैध हथियार खरीदना भारी पड़ा। दोनों जमीन के धंधे में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए हथियार खरीद रहे थे, तभी पुलिस की टीम वहां पहुंच गयी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस ने तीन उम्दा किस्म के हथियार भी बरामद किये हैं।




**क्या है पूरा मामला :** डीआइजी सह एसएसपी रांची ने बताया कि कोतवाली डीएसपी को गुप्त जानकारी मिली थी कि रांची के सुखदेवनगर थाना अंतर्गत पहाड़ी मंदिर के पास अवैध हथियार की खरीद बिक्री करने के लिए कुछ लोग आने वाले हैं। सूचना के आलोक में सिटी एसपी और कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम के द्वारा पहाड़ी मंदिर के पास संदिग्ध अवस्था में दो व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम पूछने पर उन्होंने अपना नाम अनिल गाड़ी और आकाश मिर्धा बताया।

पकड़े गये व्यक्ति अनिल गाड़ी एवं आकाश मिर्धा की जब तलाशी ली गयी तो अनिल गाड़ी के पास से लोहे की बनी एक पिस्टल जिस पर मेड इन यूएसए लिखा हुआ, जिसकी मैगजीन चेक करने पर एक मिसफायर गोली मिली। साथ ही लोहे का एक देसी कट्टा जिसके बट पर लकड़ी लगा हुआ और उसके उसके उपर तार लपेटा हुआ था, बरामद किया गया। वहीं आकाश मिर्धा की तलाशी लेने पर उनके पास से भी एक लोहे की बनी पिस्टल बरामद की गयी। दोनों के पास से 04 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। गिरफ्तारी के बाद विधिवत जब्ती सूची बनाकर हथियार को जब्त किया गया है।

## दोनों आरोपी जमीन का करते हैं कारोबार

गिरफ्तार किये गये दोनों व्यक्ति अनिल गाड़ी और आकाश मिर्धा से अवैध हथियार के बारे में पूछताछ करने पर दोनों के द्वारा बताया गया कि उन्होंने आकाश कुमार वर्मा और संदीप कुमार से हथियार की खरीद की थी। दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वे दोनों कांके क्षेत्र में जमीन का कारोबार करते हैं। इसलिये ये दोनों हथियार और 30 गोली की व्यवस्था करने के लिए पहाड़ी मंदिर के पास पहुंचे थे। दोनों जमीन के धंधे में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए अवैध हथियार खरीदने के लिए पहुंचे थे। दोनों के विरुद्ध सुखदेवनगर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज किया गया है।

# एसबीयू में छह दिवसीय समर कैंप का समापन

## प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित छह दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया। कैंप की समाप्ति पर उपस्थित प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए बतौर मुख्य अतिथि विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने हमारी पुरातन चिकित्सा प्रणाली में शामिल योग की महत्ता बतायी और इसे हमारे जीवन शैली में उतारे जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कैंप के आयोजन को उन्होंने सराहनीय प्रयास करार दिया। भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र (आइकेएस) की सेंटर इंचार्ज डॉ नीलिमा पाठक ने योग के लाभ पर चर्चा करते हुए इसे अपनाने की अपील की। इस अवसर पर आइक्यूएसी निदेशक डॉ संदीप कुमार, डॉ राधा माधव झा एवं डॉ गौतम तांती ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



कार्यक्रम में समर कैंप में योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा (योग, आयुर्वेद , प्राकृतिक चिकित्सा, एक्यूप्रेशर एवं मर्म चिकित्सा) विजुअल आर्ट के प्रतिभागियों ने अपने सकारात्मक अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना मौर्या एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ विश्वजीत वर्मा ने किया।

कार्यक्रम में नर्सिंग विभाग की प्राचार्या डॉ सुभानी बाड़ा, आशुतोष द्विवेदी, प्रवीण कुमार, सुजीत सेनगुप्ता, डॉ स्वातिलेखा महतो, अंजना कुमारी सिंह, पंकज केसरी, स्पर्श उपाध्याय एवं अन्यान्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने विवि परिसर में समर कैंप के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

# आज से आदिवासी संघर्ष मोर्चा का दो दिवसीय राष्ट्रीय कन्वेंशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाकपा-माले की अनुसंगिक इकाई आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने शनिवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता की। बताया कि जल, जंगल, जमीन पर हमला मंजूर नहीं, आदिवासियों पर हमला मंजूर नहीं। न कॉरपोरेट लूट, न जनसंहार हर उलगुलानी प्रतिरोध के लिए तैयार रहो। इसी नारे के साथ 8 और 9 जून को रांची स्थित एचडीसी हॉल में दो दिवसीय राष्ट्रीय कन्वेंशन का आयोजन किया जा रहा है। इस कन्वेंशन का आह्वान आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने किया है, जिसमें देशभर के जल-जंगल-जमीन, पर्यावरण, आदिवासी अधिकारों और संवैधानिक हकों के लिए संघर्षरत आंदोलनों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में जल, जंगल और जमीन की लूट तेजी से बढ़ी है। प्राकृतिक संसाधनों को कॉरपोरेट घरानों को सौंपा जा रहा है, जबकि इन संसाधनों पर पारंपरिक अधिकार रखने वाले आदिवासियों को जबरन बेदखल किया जा रहा है। इस कन्वेंशन में भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, देशभर से आदिवासी आंदोलनों के नेता, सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता, पर्यावरण संघर्षों से जुड़े लोग और झारखंड के विभिन्न हिस्सों से जन आंदोलनों से जुड़े साथी हिस्सा लेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रभारी क्लिफ्टन, भाकपा माले राज्य सचिव मनोज भक्त, राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन वेदियां, राज्य संयोजक जगरनाथ उरांव, आदिवासी नेता सुशीला तिग्गा मौजूद थे।

# भारत गौरव एक्सप्रेस : छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े स्थलों के दर्शन करायेगी

**भारत गौरव ट्रेन टूर को 100 प्रतिशत बुकिंग के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है**

**9 जून 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई से रवाना होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आइआरसीटीसी) ने छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट भारत गौरव ट्रेन टूर शुरू किया है, जो 9 जून 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई से रवाना होगी। भारत गौरव ट्रेन टूर को 100 प्रतिशत बुकिंग के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। कुल 710 यात्री इस यात्रा का लाभ उठाएंगे। जिनमें से 480 यात्री इकोनॉमी (स्लीपर) में, 190 यात्री कम्फर्ट में और 40 यात्री सुपीरियर में बुक किये गये हैं। भारत गौरव ट्रेन यात्रा की योजना छत्रपति शिवाजी महाराज के 351वें राज्याभिषेक समारोह के अवसर पर बनायी गयी है। छत्रपति शिवाजी महाराज के दर्शन के लिए यह ट्रेन 9 जून, 2025 को रायगढ़ पहुंचेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट एक विशेष रूप से क्यूरेट किया गया टूर है, जो पांच रातों/छह दिनों की यात्रा में छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास और भव्य विरासत को प्रदर्शित करता है। यह टूर महाराष्ट्र सरकार, भारतीय रेलवे के बीच एक संयुक्त सहयोग है।

यह ट्रेन रायगढ़ किला, शिवनेरी किला, प्रतापगढ़ किला, पन्हाला किला, लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि जैसे ऐतिहासिक स्थलों को कवर करती है, जो महान छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को दर्शाते हैं। दो अतिरिक्त आकर्षणों में भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग और कोल्हापुर में महालक्ष्मी मंदिर शामिल हैं। सुविधा और सुलभता के साथ, यह ट्रेन यात्रियों को महाराष्ट्र के गौरवशाली अतीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देखने का एक सहज अनुभव प्रदान करती है। 6 दिनों का यात्रा कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई से शुरू होगा। पहले दिन, रेलगाड़ी कोंकण रेलवे नेटवर्क पर माणगांव रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी, जो रायगढ़ किले के लिए निकटतम रेलवे लिंक है। पहला गंतव्य रायगढ़ है, जो उसी नाम के पहाड़ी किले के लिए जाना जाता है, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था और बाद में यह उनकी राजधानी थी। दर्शनीय स्थलों की यात्रा पूरी होने पर पर्यटक वापस ट्रेन में लौट आएंगे क्योंकि यह अगले गंतव्य पुणे के लिए आगे बढ़ेगी, जहां पर्यटक रात का भोजन करेंगे और पुणे के होटल में रात बिताएंगे। दौरे के दूसरे दिन, पुणे में पर्यटक जिन प्रमुख स्थलों को देखेंगे, वे हैं लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि। वर्तमान संरचना का पुनर्निर्माण 1984 में उस भूमि के एक हिस्से पर किया गया था, जहां लाल महल खड़ा था और इसमें तेल चित्रों का एक विशाल संग्रह है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के महत्वपूर्ण जीवन की घटनाओं को दर्शाता है।

# घासी समाज आज करेगा महावीर नायक को सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। अखरा कला सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष महावीर नायक को रविवार को सम्मानित किया जायेगा। झारखंड राज्य घासी समाज के बैनर तले 8 जून को सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महावीर नायक झारखंड के प्रसिद्ध ठेठ नागपुरी गायक है। इन्हें भिनसरिया राग के राजा के रूप में लोग जानते हैं। पूरा नायक समाज वा अन्य समाज के अगुआई में सम्मान का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें वार्ड पार्षद, विधायक, सांसद, समाजिक कार्यकर्ता व झारखंड के तमाम कलाकार पवन, पंकज, नितेश कच्छप, विवेक नायक से लेकर तमाम झारखंड के कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम का स्थान नायक मोहल्ला हटिया निर्धारित किया गया है। महावीर नायक को सम्मान देना है इसकी जानकारी घासी (नायक) युवा कल्याण समिती के प्रदेश अध्यक्ष संदीप टाइगर, नायक कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक ने दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामकुमार नायक, रामकुमार राम, राकेश नायक, रमेश नायक, संजय नायक, अजय नायक रणनीति बना ली है। मौके पर विजय शंकर नायक, अनिल नायक, अशिस नायक, संजय नायक, सूरज नायक, पिंटू नायक, सकलू नायक, अजय नायक, विजय नायक, सतिश तिर्की, सुरेश नायक, महावीर राम, कृष्ण नायक रौनक कुमार नायक, सुमेश नायक, निखिल नायक, मुकुल नायक, मुकेश नायक, मंटू नायक, बजरंग नायक, मुन्ना लोहरा, बबलू नायक, रोशन नायक नरेश नायक, राजन नायक, राजेश नायक, राजू नायक ( डुंगरी) सचिन नायक, शंकर नायक, देवानंद नायक, विरू नायक शामिल होंगे।

# झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का शुद्ध लाभ बढ़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष हेतु शुद्ध लाभ 169.43 करोड़ अर्जित किया जो कि गत वर्ष (31 मार्च 2024) के शुद्ध लाभ 115.86 करोड़ की तुलना में 53.57 करोड़ रुपये अधिक है। यह जानकारी झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक ने जमा राशि में गत वर्ष की तुलना में 10.42 % की वृद्धि दर्ज की एवं बैंक की जमा राशी 31 मार्च 2025 को ?11570 करोड़ के स्तर पर पहुंच गयी। ऋण/ अग्रिम के क्षेत्र में बैंक ने 17.33% की वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च 2025 को ?6897 करोड़ के स्तर को प्राप्त किया।



बैंक ने एनपीए प्रबंधन में शानदार प्रगति की एवं अपने जीएनपीए % को गत वर्ष के स्तर 3.96 % की तुलना में 73 बीपीएस की कमी करते हुए 2.96 % के स्तर पर रखा।

बैंक ने भारत सरकार द्वारा लागू किये गये सामाजिक सुरक्षा हेतु निर्धारित कल्याणकारी योजनाओं के लक्ष्य में शत प्रतिशत कामयाबी हासिल की एवं लक्ष्य का 410.68 % की प्राप्ति करते हुए देश के सभी बैंकों में वर्ष 2019 से प्रथम स्थान पर कायम है। बैंक ने डिजिटल क्षेत्र में सुधार करते हुए इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, ऑनलाइन बचत खाता (दिशा एप) लागू किया, जिससे कि घर बैठे बैंकिंग गतिविधि की जा सके। बैंक ने झारखंड के सभी 24 जिलों में अपने 24 वित्तीय सलाहकारों के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5087 वित्तीय जागरूकता कैंप का आयोजन किया। जिसका केंद्र बिंदु लोगों को साइबर ठगी एवं डिजिटल अरेस्ट से बचने के लिए जागरूक करना था। इन कैंपों के माध्यम से लोगों को बचत करने के महत्व एवं बैंक द्वारा दी जा रही सुविधा से लगातार अवगत कराया जा रहा है। श्री बरियार ने बताया कि हमारा उद्देश्य सभी ग्राहकों के वित्तीय हितों की रक्षा करना है एवं प्रत्येक क्षेत्र में जैसे कृषि, शिक्षा, व्यापार, व्यक्तिगत एवं आवास ऋण को सुगमता से उपलब्ध कराना है, जिससे कि प्रदेश में आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिले एवं सशक्त समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में बैंक की भूमिका अधिकाधिक हो।

# 10 दिवसीय नि:शुल्क लीगल एड कैंप संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा निःशुल्क लीगल एड कैंप के सातवें व आखिरी दिवस का आयोजन नामकुम में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।




विद्यार्थियों के द्वारा आम जनमानस को उनके कानूनी समस्याओं के अनुरूप निःशुल्क सलाह व सहायता प्रदान किया गया। लोगों को एफआइआर लिखने की जानकारी देते हुए उपयुक्त उचित कार्यवाही की सलाह प्रदान की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंबेश चौबे, संजुक्ता बनर्जी, आंचल, आर्यन, दीपक, सत्या, सचिन, कौशिक, पंमी, सागर, अमर व अमन आदि ने अपना भरपूर योगदान दिया।

## झारखंड के उभरते युवा गायक ऋषभ सिंह का गाना 'हमरा भाई के' गाना धमाल मचा रहा है




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के उभरते युवा गायक ऋषभ सिंह का गाना हमरा भाई के आजकल इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहा है। इस गीत को लोग काफी पसंद कर रहें है। इसके रिलीज होने के महज 24 घंटे अंदर 1 लाख से अधिक व्यूज पार कर चुकी है। जो कि वाकई में काबिले तारीफ है। ऋषभ से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि ये कामयाबी सिर्फ मेरी नहीं मेरे पूरे टीम के साथ मेरे दर्शकों की है। उन्होंने दर्शकों को धन्यवाद कहते हुए कहा कि जनता का प्रेम बना रहे तो आगे ऐसे ही बेहतरीन गानों से लोगों का मनोरंजन किया जायेगा। उन्होंने कहा जल्द ही एक और गीत रिलीज किया जायेगा।

# रांची में शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गयी ईद उल अजहा की नमाज, पुलिस रही तैनात



रांची (आजाद सिपाही)। रांची में शनिवार को बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण माहौल और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मनाया गया। इस दौरान हरमू रोड स्थित ईदगाह में हजारों की संख्या में लोगों ने सामुहिक रूप से ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गयी है। इस मौके पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए, एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) समेत कई पुलिस पदाधिकारी सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर मौजूद रहे। बता दें कि राजधानी के शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में बकरीद का पर्व पूरे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर की विभिन्न मस्जिदों, मदरसों और ईदगाहों में सुबह से ही नमाज अदा करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुरक्षा के मद्देनजर चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गयी थी, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा रांची महानगर ने कार्यशाला का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा रांची महानगर की ओर से शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। मोदी सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के स्वर्णिम 11 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि के अभियान के तहत इसका आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। 1947 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए देश के सभी नागरिक एवं भाजपा कार्यकताओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम में कार्यकर्ता बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें एवं इसे आम जनता तक पहुंचायें। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में गरीब कल्याण के बहुत कार्य हुए। हमें केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जनझजन तक पहुंचाने की जरूरत है। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं को आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाया जायेगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से केंद्र सरकार के कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यशाला में राजू सिंह, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, बसंत दास, सुरेश प्रसाद, विनय सिंह, अजीत भगत, वीणा मिश्रा, विकास रवि, आशुतोष गिरी, रोशन शर्मा, सोनू सिंह, विशाल अग्रवाल, पायल सोनी, रवि मुंडा, प्रकाश साहू, युवराज पासवान, इंद्रजीत यादव, अशोक मिश्रा, उमेश यादव, रामजी प्रसाद, ओम प्रकाश पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।




# आज एक्वा वर्ल्ड में बंगाली संडे

रांची (आजाद सिपाही)। एक्वा वर्ल्ड, रांची मछली घर में रविवार, 8 जून को बंगाल की समृद्ध कला और संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम 'बंगाली संडे' का आयोजन होगा। एक्वा वर्ल्ड के कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार ने बताया कि पूरी शाम बंगाल की थीम पर आयोजित की जायेगी। पारंपरिक बंगाली कपड़ों में फैशन शो का भी आयोजन होगा। बच्चे बंगाल के पारंपरिक पोशाक में फैंसी ड्रेस में भी हिस्सा ले सकते हैं। किसी भी प्रतियोगिता के लिए कोई शुल्क नहीं होगा। मुख्य कार्यक्रम शाम 5:30 से शुरू होगा। इसके अतिरिक्त बंगाली गीतों पर नृत्य भी पेश किया जायेगा। व्यंजन भी इस शाम को पूरे तरीके से बंगाली ही होंगे। पूरे कार्यक्रम का संयोजन दीपांजलि ग्रुप के विपुल नायक और देव ज्योति नाहा कर रहे हैं।

# आदित्य साहू ने आधुनिक सुविधाओं से लैस आंख के अस्पताल का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची शहर के रिंग रोड तिलता चौक हॉट लिप्स के पास मां वैष्णवी आंख अस्पताल का उद्घाटन राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने फीता काटकर किया। मौके पर संसद ने डॉ शुभम कुमार को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा- डॉक्टर और मरीज के बीच का संबंध विश्वास का होता है, ऐसे में अपना कर्तव्य का निर्वहन इमानदारी पूर्वक करेंगे। सांसद ने कहा कि रिंग रोड पर इतना अच्छा सुसज्जित आंख का अस्पताल खुलने से इसके आसपास एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आंख का इलाज करने में सहूलियत होगी। इस मौके पर हटिया विधायक नवीन जयसवाल, मांडर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष नेहा सिंह, कर्तव्य पथ संस्थापक सह भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुशवाहा, व्रजेश शर्मा, रमेश दयाल, शशिकांत, सोनू कुमार, विक्रम शर्मा, रिंकू पांडेय, राजेश शाह, मनोज गुप्ता, हरदेव साहू, रवि मेहता, रितेश साहू, राजेश साहू, प्रेम ठाकुर सहित अनेक गण्यमान लोग उपस्थित थे।









# गिरफ्तार भाजपा नेता अर्जुन साव को सांसद के आंदोलन के बाद पुलिस ने छोड़ा

**बिना शिकायत आवेदन और बिना एफआइआर का किसी समाजसेवी को उठाकर थाने में बंद कर देना यह न्याय संगत नहीं है: सांसद मनीष जायसवाल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गर्भवती महिला का प्रसव नहीं करने को लेकर अनियमितता पर आवाज उठाने वाले भाजपा नेता अर्जुन साव को पुलिस ने देर रात्रि हिरासत में लेकर सदर थाना लेकर आयी थी, और लगातार उनसे पूछताछ कर रही थी। हालांकि इसको लेकर सुबह हजारीबाग के बीजेपी सांसद और विधायक थाना परिसर पहुंचे और कई प्रकार के सवाल खड़े किये। वार्ता सफल नहीं होने पर भाजपा कार्यकर्ता सांसद, विधायक सभी लोग थाना के बाहर धरने पर बैठ गये। धरना के दौरान उस समय असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गयी जब गिरफ्तार अर्जुन साव को पुलिस धरना प्रदर्शन कर रहे नेताओं के पास ले जाकर छोड़ दिया। जिससे कुछ भाजपा नेताओं ने आक्रोश में आकर उन्हें फिर थाना भेज दिया यह प्रक्रिया दो बार चली काफी देर तक धरने में बैठने के बाद जिला प्रशासन की टीम धरना स्थल पर पहुंची और दोनों के बीच वार्ता चली जो सफल हुई, और धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि बिना शिकायत आवेदन और बिना एफआइआर का किसी समाजसेवी को उठाकर थाने में बंद कर देना यह न्याय संगत नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि इस मामले को लेकर थाना के पदाधिकारियों ने अपनी गलती को स्वीकार किया है। आगे उन्होंने कहा कि हजारीबाग में पुलिस की गुंडागर्दी नहीं चलेगी मैं यहां की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं। अगर पुलिस आगे से ऐसा गलती करती है तो हम सभी पुनः एक बार जरूर खड़े होंगे। बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा धरने के बाद अभी भाजपा के कार्यकर्ता अर्जुन साव को छोड़ दिया गया है। लेकिन वर्तमान की राज्य सरकार जनता के साथ दोहन करने का काम कर रही है और यहां की जनता इसे बिल्कुल भी नहीं बर्दाश्त करेगी।

वहीं सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, बल्कि हजारीबाग की अस्मिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए था। एक समाजसेवी को रातभर थाने में बैठाना और जवाबदेही से बचना प्रशासनिक गुंडागर्दी है। हम चेतावनी देते हैं कि अगर भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोहरायी गयी तो यह आंदोलन और भी व्यापक और उग्र होगा। भाजपा नेता अर्जुन साव ने कहा कि मेरा जन्म सेवा के लिए हुआ है सेवा और संघर्ष के दौरान जो कठिनायी आयेगी उसका सामना करता रहूंगा जनता की समस्याओं को उठाता रहूंगा। सांसद विधायक सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया। गिरफ्तार अर्जुन साव के बाहर आते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और जयकारा लगाते हुए सांसद कार्यालय ले गये जहां सबों ने खुशियों का इजहार एक दूसरे से किया। इस घटना पर पुलिस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### धरना-प्रदर्शन में ये रहे शामिल

धरना प्रदर्शन में सांसद मनीष जायसवाल के साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज यादव, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, श्रद्धानंद सिंह भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष राजकरण पांडेय, समाजसेवी मनोज गुप्ता, भाजपा नेता सुदेश चंद्रवंशी, केपी ओझा, विनोद झुनझुनवाला, रमेश ठाकुर, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ.खोखा सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद, आनंद देव, मनमीत अकेला नरेंद्र गुप्ता, शेफाली गुप्ता, पंकज मेहता अजय मेहता, अनेश्वर प्रसाद, राजेश गुप्ता, रणधीर पांडेय, विवेक बरियार, मुकेश सोनी, जीवन मेहता, मुनेश ठाकुर, अजय मेहता, किशोरी राणा, अजय कुमार साहू, विजय कुमार, कृष्णा मेहता, श्री झा, पुरुषोत्तम पांडेय सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# झारखंड को मिला देश की बेस्ट नेत्र सोसाइटी का सम्मान, रांची में जश्न



ओवरऑल बेस्ट ट्रॉफी के लिए जश्न मनाते हुए रांची ऑफ्थल्मिक फोरम के पदाधिकारी और सदस्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑफ्थाल्मिक फोरम द्वारा रांची स्थित होटल ली लैक सरोवर पोर्टिको के सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का संचालन रांची ऑफ्थाल्मिक फोरम की सेक्रेटरी डॉ भारती कश्यप ने किया। इस सेमिनार में प्रोफेसर (डॉ) सुनील कुमार, विट्रियो रेटिना सर्जन डॉ बिभूति कश्यप और डॉ अजय गुप्ता ने अपने-अपने व्याख्यान दिये। साथ ही पोस्ट ग्रेजुएट सेशन में आरआइओ रिम्स से डॉ अनामिका चौधरी और डॉ वत्सला कुंवर ने अपना-अपना केस प्रेजेंटेशन दिया।

सेमिनार के बाद ओवरऑल बेस्ट ट्रॉफी के लिए कार्यक्रम में उपस्थित नेत्र विशेषज्ञों, आरआइओ रिम्स रांची और कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने केक काटकर जश्न मनाया और जीती हुई ट्रॉफी के साथ सभी डॉक्टर्स और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने ग्रुप फोटो भी खिंचायी। डॉ भारती कश्यप, चेयरपर्सन साइंटिफिक कमेटी, झारखंड नेत्र सोसाइटी और सेक्रेटरी, रांची ऑफ्थाल्मिक फोरम ने बताया कि झारखंड नेत्र सोसाइटी को वर्ष 2024-25 में नेत्र रोग विशेषज्ञ और स्नातकोत्तर छात्रों के बीच वैज्ञानिक और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए और आमजनों में नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के सफल संचालन के लिए देश की सर्वश्रेष्ठ नेत्र सोसाइटी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बता दें कि झारखंड नेत्र सोसाइटी को एशिया पेसिफिक नेत्र विज्ञान कांग्रेस, नयी दिल्ली के दौरान इस पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि विगत एक वर्ष (2024-25) में झारखंड में नेत्र सुरक्षा के लिए 142 मेगा विजन फॉर झारखंड अभियान चलाये गये और 94 वैज्ञानिक सत्र और 54 सर्जिकल प्रशिक्षण वेट लैब का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले डॉक्टर डॉ बीपी कश्यप, डॉ राजीव कुमार, डॉ एसआर सिंह, डॉ दीपक, डॉ आशा रानी, डॉ नीलेंदु मिश्रा, डॉ अनूप, डॉ पंकज, डॉ डॉली, डॉ मलय, डॉ प्रीतिश, डॉ मुकेश, डॉ भरत, डॉ आबिद, डॉ अमित आदि थे।

### रांची ऑफ्थलमिक सोसाइटी की भूमिका सराहनीय

# लातेहार में महिला का शव बरामद चौकीदार पर हत्या का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के पहाड़पुरी क्षेत्र में एक महिला का शव पुलिस ने बरामद किया है। वहीं महिला के हत्या का आरोप अंचल कार्यालय में कार्यरत एक चौकीदार पर लगा है।

महिला की पहचान 55 वर्षीय जतरी देवी पति लालदेव उरांव के रूप में की गयी है। वह पहाड़पुरी में एक किराये के मकान में रहती थी। उसका ससुराल चंदवा के गरदाग इलाके में है। मृतका की पुत्रवधु पुष्पा देवी ने बताया कि अंचल कार्यालय में कार्यरत चौकीदार पंचम उरांव शुक्रवार और शनिवार की रात्रि करीब दो बजे घर आया।

वह मामा ससुर का बेटा है। वह अक्सर खाना खाने उसके यहां आता था। शुक्रवार को भी आया। सब खाना खा कर सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पंचम गैस सिलिंडर से उसकी सास पर वार करने लगा। वह उसे बचाने गयी तो उसके साथ भी मारपीट की गयी। इस मारपीट में उसके सिर में चोट लगी है। सदर अस्पताल में उसका इलाज किया गया। घटना शुक्रवार और शनिवार की रात के दो बजे घर के छत पर घटी। घटना की सूचना मिलने पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने आरोपी पंचम उरांव को हिरासत में ले लिया है। इधर शव का पोस्टमार्टम शनिवार की सुबह करीब दस बजे किया गया और पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### पत्थर से कूच कर ट्रक चालक की हत्या



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा रांची डालटेनगंज मुख्य मार्ग पर जमशेदपुर से पलामू जा रही दस चक्के गाड़ी के चालक को अज्ञात अपराधियों ने शनिवार को अहले सुबह अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से कुचल कर घायल कर दिया। उसके बाद घायल अवस्था में देख आसपास के लोगों ने सुबह होने के बाद चंदवा थाना में सूचना दिया। सूचना मिलने के बाद चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आनन-फानन में घायल चालक चंद्रभूषण मउआर को पुलिस ने चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया। एंबुलेंस में रिम्स जाने क्रम में अमझरिया घाटी के पास चालक चंद्र भूषण मउआर ने अपना दम तोड़ दिया। इधर पुलिस तहकीकात करते हुए मृतक चालक के परिजनों को दूरभाष पर सूचना दिया सूचना मिलने के बाद परिजन आदित्यपुर सरायकेला खरसावां चंदवा आये और पुलिस को बताया कि रात्रि 10:00 बजे के बाद से मोबाइल बंद बताया। इधर घटना होने के बाद परिजन पूरी तरह परेशान और हताश हैं रो-रो कर परिजनों का बुरा हाल है। इकलौता घर का परिवार कमाने वाला था पत्नी यह कह कर विलख रही थी कि अब हमारे परिवार को कौन देखेगा।

# पीएम किसान योजना के लाभुकों से ठगी, पांच साइबर ठग गिरफ्तार

**देवघर (आजाद सिपाही)।** साइबर थाने की पुलिस ने मोहनपुर थाने के चौपा जंगल में छापामारी कर साइबर ठगी में पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से आठ मोबाइल फोन और 16 सिम बरामद हुआ है। बरामद तीन सिम के खिलाफ पहले से प्रतिबिंब एप पर शिकायत दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज राय, प्रदीप यादव, आमोद यादव (तीनों शिवनगर, मोहनपुर), जितेंद्र यादव (सरैया, मोहनपुर), सुधीर दास (पांडुरायडीह, देवीपुर) के रूप में हुई हैं। जानकारी के मुताबिक एसपी सह डीआइजी अजीत पीटर डुंगडुंग को उक्त गैंग के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम गठित कर छापामारी की गयी तो उक्त सफलता मिली। बरामद मोबाइल और सिम की आरंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी पीएम किसान योजना के लाभुकों को फर्जी लिंक भेजकर उन्हें झांसे में लेते थे और ठगी करते थे। फोन-पे, पेटीएम के कस्टमर केयर का फर्जी पदाधिकारी बनकर कैशबैक का झांसा देकर ठगी करते थे। साथ ही एयरटेल पेमेंट बैंक पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को झांसे में लेकर एयरटेल थैंक्स एप के माध्यम से एयरटेल पेमेंट बैंक कार्ड बंद कर उसे चालू करने के नाम पर सहायता का झांसा देकर गोपनीय जानकारी लेकर ऑनलाइन ठगी करते थे।

# आरपीएफ ने ट्रेन से जब्त की बीयर की बोतलें, दो तस्कर भी गिरफ्तार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएफ ने ऑपरेशन सतर्क के तहत एसीपी की रोकथाम, अवैध वेंडरों की धर पकड़ एवं आपराधिक गतिविधि निगरानी के अलावा शराब तस्करी की रोकथाम को लेकर चलाये जारहे अभियान के दौरान दो शराब तस्करों को केन बियर के साथ पकड़ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबध में आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि गाड़ी संख्या 53349 अप में जांच के दौरान हैदरनगर स्टेशन से गाड़ी खुलने ने बाद गार्ड ब्रेक से सटे जनरल कोच के शौचालय के पास दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में पिट्ठू बैग और प्लास्टिक झोला में वजनी सामान लिये खड़े पाये गये। उनकी तलाशी ली गयी और बैग को खोलकर देखा गया तो उसमे केन बियर पाया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे लोग बिहार में ले जाकर बियर को उंची कीमत पर बेचते हैं। इसके बाद आरपीएफ ने दोनों को पकड़ लिया। उनकी पहचान हैदरनगर थाना क्षेत्र निवासी राज कुमार चौधरी और सासाराम रोहतास निवासी बादल शाह के रूप में हुई है। पकड़े गये तस्करों के पास से 90 पीस स्ट्रांग बियर बरामद हुआ है। दोनों आरोपितों एवं जब्त माल को आरपीएफ ने अग्रिम कार्रवाई के लिए डाल्टनगंज उत्पाद अधीक्षक को सौंप दिया। इस अभियान में उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, उमेश चंद्र राम, सुधीर कल्लू, सुनील कुमार राय आदि शामिल थे।

# सांगठनिक कार्य, प्रशिक्षण, सुझाव-शिकायत के लिए कांग्रेस ने लाया एप, जल्द मिलेगी ट्रेनिंग : के राजू

**-प्रदेश प्रभारी ने संताल परगना के सभी जिलों के जिलाध्यक्षों के साथ की वर्चुअल मीटिंग**



**देवघर (आजाद सिपाही)।** झारखंड कांग्रेस की ओर से संथाल परगना स्तरीय वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमंडल के देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा जिलों के जिलाध्यक्ष और प्रभारियों ने भाग लिया। इसमें कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, मंत्री डॉ इरफान अंसारी और दीपिका सिंह पांडेय भी वर्चुअली जुड़ी थीं। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी ने सभी जिलाध्यक्षों को संगठन सृजन एवं संविधान बचाओ अभियान को लेकर कई निर्देश दिये। साथ ही आगे के कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तय की। उन्होंने संविधान बचाओ अभियान रैली की सफलता पर धन्यवाद दिया और संगठन के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पर संतुष्टि जाहिर की। कहा कि सभी प्रखंड, नगर की कमेटी बन गयी है। 15 जून तक सभी मंडल कमेटी बना ली जायेगी। इसमें सभी पंचायत अध्यक्ष पदेन सदस्य होंगे। इसके बाद पंचायत एवं वार्ड कमेटी का भी गठन होना है। जिला कमेटी के लिए सभी मंडल से तीन व्यक्तियों को चिह्नित करना है। इधर, संविधान बचाओ रैली को पंचायत और वार्ड स्तर पर ले जाना है, ताकि कांग्रेस के संदेश को घर-घर पहुंचाया जा सके। आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए नगर कमेटी को दुरुस्त कर लेना है और चुनाव संबंधी सभी आंकड़े इकट्ठा कर उस पर कार्य करना है, ताकि हमें अधिक सफलता मिल सके। वहीं कांग्रेस के सांगठनिक एप जो सांगठनिक कार्यों के साथ प्रशिक्षण, सुझाव तथा शिकायत के लिए तैयार किया गया है, जिसका बखूबी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिलों में पार्टी कार्यालय खोलने पर बल दिया। इस दौरान देवघर जिला के प्रभारी अजय दुबे, दुमका जिला अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी, गोड्डा जिला अध्यक्ष दिनेश यादव तथा जामताड़ा जिला अध्यक्ष दीपिका बेसरा के साथ श्यामल किशोर सिंह आदि जुड़े हुए थे। वर्चुअल मीटिंग में देवघर के पार्टी कार्यालय में जिला महासचिव उपरोक्त दिनेश मंडल और पीयूष झा मौजूद थे।

# किसान के बेटे को आइआइटी की परीक्षा में मिली सफलता, दी बधाई

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत लोटनिया अंतर्गत एकौनी गांव निवासी राजकुमार मेहता के पुत्र प्रशांत कुमार ने आइआइटी की परीक्षा में सफल होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रशांत ने ऑल ओवर इंडिया आइआइटी में एडमिशन के लिए होने वाली जी एडवांस परीक्षा में 15250 रैंक एवं ओबीसी एनसीएल में 3812 रैंक हासिल की है। इस मौके पर उतरी क्षेत्र के जिप सदस्य राजू मेहता सहित अन्य लोगों ने उसके आवास पर जाकर बधाई दी। राजू मेहता ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों के हर परीक्षा में सफल होने पर अन्य लोगों में भी प्रतियोगिता की भावना बढ़ती हैं। उन्होंने प्रशांत के पिता को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय मे खेती किसानी कर बच्चों के उच्च शिक्षा देने वाले माता-पिता भी बधाई के पात्र हैं।

# शिक्षक पर दलित महिला की बेरहमी से पिटाई का आरोप, अस्पताल में भर्ती



आजाद सिपाही संवाददाता

**- विधायक ने की घटना की निंदा, आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के बसडीहा गांव में समाज के सबसे हाशिए पर खड़ी एक दलित महिला लछोया देवी (55) के साथ अमानवीय अत्याचार का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता और उनका परिवार पीढ़ियों से गांव में गोबर उठाने और घरेलू कार्यों से अपनी जीविका चला रहे हैं। पर जब उन्होंने बीमारी का हवाला देते हुए अस्थायी रूप से कार्य से मना किया तो गांव के ही शिक्षक (बुनियादी विद्यालय तेतराई में पदस्थापित) विद्यासागर पांडे पर लछोया देवी पर तलवार से हमला कर बुरी तरह घायल कर देने का आरोप लगा है। इतना ही नहीं, वारदात के अगले दिन उसके घर पर भी हमला किया और सामान फेंक दिया। यही नहीं, घर में तोड़फोड़ करते हुए कथित रूप से पीड़िता के निजी अंगों पर चोट पहुंचायी गयी। इससे पीड़िता बेहोश हो गयी। जिसे पांकी सामुदायिक भवन में भर्ती कराया गया है। इस बाबत पीड़िता ने पांकी थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। वहीं, घटना को लेकर पांकी विधायक ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ महिला पर हमला है, बल्कि पूरी दलित अस्मिता पर हमला है। इस तरह की मानसिकता 21वीं सदी में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रशासन यदि 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार नहीं करता है तो आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित भी करने की मांग की है। वहीं, जिप सदस्य खुशबू कुमारी और छात्र नेता गुड्डू भुइयां पीड़िता की देखरेख में लगे हैं। दोनों ने आरोपी की अविलंब गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर, विद्यासागर पांडेय से सवाल किया गया तो उन्होंने हल्की पिटाई की बात स्वीकार की है। इस बाबत पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन भी मामले को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने केश दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। गौरतलब हो कि यह कोई पहली बार नहीं है कि विद्यासागर पांडे पर किसी दलि महिला के साथ मारपीट के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले भी दलित परिवारों को धमकाया, गाली दी, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया और दबंगई की। लेकिन अब तक उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# वन भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बनाने वाला एक व्यक्ति गिरफ्तार



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा वन्यजीव प्रभाग के हंटरगंज प्रक्षेत्र के चकला गांव में एक व्यक्ति को वन भूमि पर मकान बनाना महंगा पड़ गया। वन विभाग ने वन भूमि पर अवैध मकान बना रहे चकला गांव निवासी सुरेश भारती का पुत्र वकील कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह वन भूमि पर पेड़-पौधों को काटकर मकान बना रहा था। इसकी सूचना मिलते ही हंटरगंज वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार, प्रभारी वनपाल मनीष कुमार, वनरक्षी अमरजीत टोप्पो और होमगार्ड के जवानों के साथ मौके पर पहुंच गये। वन कर्मियों को देखकर वह भागने लगा। वनरक्षक और वन प्रभारी ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया और जेल भेज दिया। वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण ने कहा कि आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पत्नी को कुचलने की कोशिश में बेटे की मौत

## पिता ने बिना पोस्टमॉर्टम कराये शव जंगल में दफनाया

## मां पहुंची थाना तो हुआ घटना का खुलासा, जांच में जुटी पुलिस

**कब्र से शव निकालकर पोस्टमार्टम करने की मांग, सास-ससुर एवं पति के खिलाफ दर्ज कराया मामला**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/पलामू।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के खैराही गांव में कलयुगी व्यक्ति की करतूत सामने आयी है। सत्यदेव यादव नामक व्यक्ति की पत्नी सुनीता देवी का आरोप है कि पति ने उसे स्कॉर्पियो से कुचलने की कोशिश की। हालांकि वह तो बच गयी, लेकिन उसका साढ़े तीन साल का बेटा अनंत यादव गाड़ी की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को मेदिनीनगर ले जाया गया। वहां उसकी मौत हो गयी। सत्यदेव ने बच्चे के शव को मां को दिखाये बिना रात में ही जंगल में दफना दिया।

### गांव की महिला से अवैध संबंध का आरोप

शनिवार की सुबह सुनीता देवी थाना पहुंची और पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी ओमप्रकाश शाह ने बताया कि पति-पत्नी में विवाद था। पति गाड़ी लेकर घर गया था। इसी दौरान बेटा चपेट में आ गया। वहीं, महिला सुनीता का आरोप है कि उसके पति सत्यदेव का गांव की ही एक महिला से अवैध संबंध है। इसी कारण उनमें अक्सर विवाद होता था। इस दौरान सुनीता ने बताया कि उसके तीन बेटे हैं। इसमें से मंझले बेटे की मौत हुई है। उसने ससुर रमेश यादव और सास सनिता देवी पर भी प्रताड़ना का आरोप लगाया है। सुनीता ने बेटे के शव को निकालकर पोस्टमॉर्टम कराने और पति एवं सास-ससुर पर कार्रवाई की मांग की है। लगे हाथ उसने अपनी जान का खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार भी लगायी है।

# ग्रोथ पर दांव

भारतीय रिजर्व बैंक ने इकॉनमिक ग्रोथ बढ़ाने के लिए शुक्रवार को रेपो दरों में आधा फीसदी की कटौती की, जबकि एक्सपर्ट्स इसमें 0.25% कमी का अनुमान लगा रहे थे। इसके साथ, उसने कैश रिजर्व रेश्यो में 1% की कमी का ऐलान किया। इससे बैंकों के पास पैसा और बढ़ेगा, जिसका इस्तेमाल वे कर्ज बांटने में कर सकेंगे। ऐसे में सस्ती दरों पर कर्ज लेकर कंपनियां नए निवेश करती हैं और उपभोक्ता खर्च करते हैं, तो अर्थव्यवस्था को इससे सपोर्ट मिलेगा।

**वैश्विक चुनौतियां :** रिजर्व बैंक ने लगातार तीसरी बार दरों में कटौती की है। इससे पहले उसने कहा था कि उसका ध्यान इकॉनमिक ग्रोथ को तेज करने पर है। आरबीआइ के लिए रेपो दरों और कैश रिजर्व रेश्यो में कटौती करना इसलिए संभव हुआ क्योंकि उसे मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई दर के लक्ष्य से अंदर रहने की उम्मीद है, लेकिन यूक्रेन-रूस युद्ध और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ संबंधी अनिश्चितताओं के कारण ग्रोथ की राह चुनौतीपूर्ण हो गयी है।

**ग्रोथ पर दबाव :** जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ उम्मीद से अधिक 7.4% पहुंच गयी, लेकिन वित्त वर्ष 2025 के लिए यह 6.5% ही रही। यह पिछले चार वित्त वर्षों में सबसे कम विकास दर है। गौर करने की बात यह भी है कि इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2024 में यह 9.2% रही थी। स्पष्ट है कि विकास दर में गिरावट का रुख है। इस बीच, वैश्विक स्तर पर परिदृश्य मुश्किल दिख रहा है।

**रिजर्व बैंक ने अपना रुख न्यूट्रल करते हुए यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक ग्रोथ के लिए जो कर सकता है, वह कर चुका है। यानी अब बाकी कदम पॉलिसी मेकर्स को उठाना है। सरकार ने रिजर्व बैंक के कदम का स्वागत करते हुए कहा भी कि इससे ग्रोथ मोमेंटम को सपोर्ट मिलेगा और निजी क्षेत्र की तरफ से निवेश बढ़ने की उम्मीद है।**

**खर्च बढ़ने की आशा :** इसी वजह से जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में शानदार ग्रोथ के बावजूद रिजर्व बैंक ने कैश रिजर्व रेश्यो में बड़ी कटौती के साथ रेपो दरों में भी बड़ी कमी की है। इससे बिजनेस सेंटिमेंट और कंस्यूमर सेंटिमेंट में सुधार होगा। पिछले बजट में 12 लाख तक की आमदनी पर टैक्स छूट का ऐलान किया गया था, ताकि लोगों के हाथ में अतिरिक्त खर्च करने के लिए पैसा बचे। अब ब्याज दरों में बड़ी कटौती के बाद कंस्यूमर सेंटिमेंट और बेहतर होगा। इएमआइ का बोझ घटेगा। ऐसे में उपभोक्ता खर्च में बढ़ोतरी होती है, तो इससे आर्थिक विकास दर में तेजी आयेगी।

**मजबूत इकॉनमी :** रिजर्व बैंक ने अपना रुख न्यूट्रल करते हुए यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक ग्रोथ के लिए जो कर सकता है, वह कर चुका है। यानी अब बाकी कदम पॉलिसी मेकर्स को उठाना है। सरकार ने रिजर्व बैंक के कदम का स्वागत करते हुए कहा भी कि इससे ग्रोथ मोमेंटम को सपोर्ट मिलेगा और निजी क्षेत्र की तरफ से निवेश बढ़ने की उम्मीद है। निजी क्षेत्र का कमजोर निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अरसे से समस्या बना हुआ है, लेकिन हालिया ग्रोथ यह भी बताती है कि बेहद मुश्किल वैश्विक माहौल में भारतीय इकॉनमी मजबूत बनी हुई है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय रेल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंचामृत लक्ष्य - 2070 तक शून्य उत्सर्जन (नेट जीरो) - में अहम भूमिका निभा रही है। हम माल और यात्री परिवहन को सड़क से रेल की पर ले जा रहे हैं। साथ ही स्वच्छ ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। इससे भारत की अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त करने में मदद मिल रही है।**

# विकास और हरित भविष्य की ओर अग्रसर भारतीय रेल



**अश्विनी वैष्णव**

जब भी आप सड़क या अन्य साधनों की जगह ट्रेन से यात्रा करते हैं, तो आप सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि एक स्वच्छ और हरित भारत को चुनते हैं। पिछले साल 700 करोड़ से ज्यादा यात्रियों ने भारतीय रेल से सफर किया। यह हमारी जीवनरेखा है और आने वाले कल के लिए एक हरित संकल्प भी।

भारतीय रेल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंचामृत लक्ष्य - 2070 तक शून्य उत्सर्जन (नेट जीरो) - में अहम भूमिका निभा रही है। हम माल और यात्री परिवहन को सड़क से रेल की पर ले जा रहे हैं। साथ ही स्वच्छ ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। इससे भारत की अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त करने में मदद मिल रही है।

**सड़क से रेल की ओर**

2013-14 में भारतीय रेल ने लगभग 1,055 मिलियन टन माल की ढुलाई की। 2024-25 में यह बढ़कर 1,617 मिलियन टन हो गया है। इससे हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मालवाहक रेलवे बन गये हैं। सड़क की जगह रेल से माल ढुलाई करने से अब तक 143 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रोका गया है। यह 121 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

**पीएम मोदी ने रेलवे के लिए 2030 तक नेट जीरो का लक्ष्य रखा है।**

रेल से माल ढुलाई, सड़क से सस्ती है। इससे पिछले 10 सालों में देश को 3.2 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है। रेल, ट्रकों के मुकाबले 90% कम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित करती है। इससे हवा साफ रहती है। 2,857 करोड़ लीटर डीजल की भी बचत हुई है, जो कि लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की बचत के बराबर है।




**भारत ने दिखाया है कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ संभव हैं। 2023 के वर्ल्ड बैंक लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स में भारत का स्थान 139 देशों में 38वें पर रहा। 2014 की तुलना में यह 16 स्थान ऊपर है। रेलवे के विद्युतीकरण से प्रदूषण और लागत दोनों में कमी आयी है।**

**विद्युतीकरण से आत्मनिर्भरता**

भारत बहुत मात्रा में तेल आयात करता है। ऐसे में रेलवे का विद्युतीकरण सामरिक रूप से जरूरी है। 2014 से पहले 60 वर्षों में 21,000 किलोमीटर रेलवे लाइन ही विद्युतीकृत हुई थी। लेकिन पिछले 11 सालों में हमने 47,000 किलोमीटर रेल लाइन को विद्युतीकृत किया है। अब तक 99% ब्रॉड गेज नेटवर्क विद्युतीकृत हो चुका है।

रेलवे अब स्टेशनों, वर्कशॉप और ट्रेनों के लिए भी हरित ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहा है। हम राज्यों के साथ मिलकर ट्रेनों को हरित ऊर्जा से चलाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

**माल ढुलाई का नया मॉडल**

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (DFC) भी पूरी तरह से विद्युतीकृत होते हैं। ये कॉरिडोर सिर्फ माल ढुलाई के लिए बनाए गए हैं। वर्तमान में 2,741 किलोमीटर के फ्रेट कॉरिडोर संचालित हैं। इससे सड़कों पर भीड़ घटी है, डीजल की खपत कम हुई है और कार्बन उत्सर्जन भी घटा है।

भारत अब हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनों को भी अपनाने जा रहा है। पहली ट्रेन हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच चलेगी। यह दुनिया की सबसे लंबी और ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेन होगी।

**अर्थव्यवस्था और पर्यावरण**

भारत ने दिखाया है कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ संभव हैं। 2023 के वर्ल्ड बैंक लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स में भारत का स्थान 139 देशों में 38वें पर रहा। 2014 की तुलना में यह 16 स्थान ऊपर है। रेलवे के विद्युतीकरण से प्रदूषण और लागत दोनों में कमी आयी है। साथ ही लोजिस्टिक्स की क्षमता और गति दोनों बढ़ी हैं।

**2030 तक नेट-शून्य उत्सर्जन**

प्रधानमंत्री मोदी ने रेलवे के लिए 2030 तक नेट जीरो का लक्ष्य रखा है। तेजी से हो रहे विद्युतीकरण और सड़क से रेल की ओर शिफ्ट हो रहे यातायात से भारतीय रेल 2025 तक ही स्कोप 1 नेट जीरो का लक्ष्य हासिल कर लेगी।

इस विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय रेल सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराती है। हर ट्रैक का विद्युतीकरण, हर सोलर पैनल और सड़क से हटाया गया हर कंटेनर, हमारे देश और पर्यावरण के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक कदम है।

**(लेखक : भारत सरकार में रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के द्वारा मई माह में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। शनिवार को यूनियन परिसर में सामूहिक विदाई सह सम्मान समारोह में यूनियन अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद और महामंत्री आरके सिंह शामिल हुए। उन्होंने संयुक्त रूप से 10 सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने अनुभव साझा किए और भावुक क्षण भी देखने को मिले।महामंत्री आरके सिंह ने सभी की उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सम्मानित कर्मियों में व्हीकल फैक्ट्री से विजय कुमार सिंह, कंस्ट्रक्शन से शुभ्रता साहू, कैब एंड कॉल फैक्ट्री से अनिल सिंह, सजल कुमार गिरि, सतीश कुमार शर्मा, क्यूए से दिलीप कुमार पलिकार, कृष्णा कुमार टुडू, ड्राइव लाइन से सब्बीर आलम, मोहम्मद नसीम और प्रेम शंकर तिवारी शामिल रहे।

# डेंगू की रोकथाम को लेकर गोविंदपुर में जेसीबी-हाइवा से हटाया गया कचरा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर में डेंगू और अन्य बीमारियों की रोकथाम को लेकर जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष और पंचायत समिति सदस्य सतबीर सिंह बग्गा के संयुक्त नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया।शनिवार को अभियान के दौरान जेसीबी और हाइवा की मदद से सामुदायिक विकास मैदान, मेन रोड और हाट बाजार से करीब 5 हाइवा कचरा हटाया गया। डॉ परितोष ने कहा बरसात से पूर्व साफ-सफाई जरूरी है। बीते दो वर्षों में डेंगू ने यहां पैर पसारे हैं। हाट बाजार में हर सप्ताह दर्जनों गांवों से लोग आते हैं।ऐसे में स्वच्छता जरूरी है। सतबीर सिंह बग्गा ने स्थानीय कंपनियों की उदासीनता पर सवाल उठाया। अभियान में दिनेश सिंह,विजय कुमार,बालाजी भगत, शंभू सिंह,छोटे लाल, विश्वजीत महतो, भीम यादव, जयदीप का सराहनीय योगदान रहा।

# डिमना डैम विस्थापितों ने झारखंड आंदोलनकारी कपूर बागी को दी श्रद्धांजलि, संघर्ष जारी रखने का लिया संकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोड़ाम।** डिमना डैम विस्थापितों ने झारखंड आंदोलनकारी के वरिष्ठ नेता स्व.कपूर बागी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। शनिवार को जुगसलाई विधानसभा स्थित बोड़ाम प्रखंड के लायलोम ग्रामसभा भवन में आयोजित सभा में दूरदराज से सैकड़ों विस्थापित शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में वक्ताओं ने कपूर बागी को जल-जंगल-जमीन के संघर्ष का प्रतीक बताते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा झारखंड मुक्ति वाहिनी के बैनर तले बागी ने विस्थापितों की आवाज को टाटा कंपनी और सरकार तक पहुंचाया था। सभा में उनके प्रसिद्ध नारे सच कहना अगर बगावत है, तो समझो हम भी बागी हैं! की गूंज सुनायी दी, जो आज भी संघर्षशील जनता के लिए प्रेरणा बना हुआ है। सभा के दौरान ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने कपूर बागी के अधूरे सपनों को पूरा करने और अधिकारों की लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया।

# साकची फायरिंग मामले का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बीते दिनों साकची थाना क्षेत्र में गिड्डू मॉल के पास दो गुटों के बीच हुई फायरिंग मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। शनिवार को घटना की जानकारी देते हुए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया घटना के बाद सिटी डीएसपी सुनील कुमार चौधरी के नेतृत्व में टीम का गठन की गयी। उन्होंने बताया पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी अवैध हथियार के साथ दो युवक मरीन ड्राइव से स्कॉर्पियो में सवार होकर जा रहा है।

सूचना मिलते ही चेकिंग लगाया गया। जहा दोनो युवक का जांच के दौरान उसके पास से एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने दोनो युवक को स्कॉर्पियो के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान मानगो निवासी आरिफ अली और आलमगीर खान के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार फायरिंग की घटना पैसों के लेन-देन को लेकर दानिश गुट के साथ हुई थी। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# आर्य समाज ट्रस्ट जमशेदपुर के अध्यक्ष बने विजय मेहता



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर में आर्य समाज ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से विजय मेहता को आर्य समाज ट्रस्ट जमशेदपुर का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस औसत पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने विजय मेहता को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दी। ट्रस्ट के द्वारा जमशेदपुर में दयानंद पब्लिक स्कूल और भारतीय मॉडल मिडिल स्कूल के माध्यम से 2000 से अधिक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। श्री मेहता ने दिवंगत अध्यक्ष डॉ आरएन शर्मा के योगदान को याद करते हुए समग्र शिक्षा, चरित्र निर्माण, शिक्षक विकास और मजबूत अभिभावक-शिक्षक साझेदारी पर बल देने की बात कही। उन्होंने ट्रस्टियों को उनके समर्थन और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। श्री मेहता शिरडी साईं चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी समेत कई प्रमुख संगठनों से जुड़े हैं।

# संविधान की रक्षा ही भारत की रक्षा : आनंद बिहारी दुबे



## किताडीह में कांग्रेस की नुक्कड़ सभा, संविधान बचाने का लिया संकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर टाटानगर मंडल कांग्रेस कमिटी की ओर से किताडीह गाड़ीवानपट्टी में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। शनिवार को मंडल अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा के नेतृत में आयोजित सभा में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे शामिल हुए। श्री दुबे ने कहा भाजपा सरकार लगातार संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही। जिसे कांग्रेस कभी सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा संविधान की रक्षा ही भारत की रक्षा है। सभा में कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रखंड पर्यवेक्षक अखिलेश सिंह यादव, प्रदेश सचिव खगेनचंद्र महतो, मंडल पर्यवेक्षक सुरज मुंडा सहित कई नेताओं ने सभा को संबोधित किया। मौके पर संजय सिंह आजाद, आशीष ठाकुर, अमर मिश्र, अपर्णा गुहा, सुनीता तिर्की आदि मौजूद रहे।

## कोल्हान विवि की लापरवाही : पूर्व छात्र ने की हस्तक्षेप की मांग

# जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज की नामांकन प्रक्रिया लंबित, परीक्षा नियंत्रक को बदलने की गुहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय की कार्यशैली और लेटलतीफ रवैये के खिलाफ आवाज उठाते हुए जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के पूर्व छात्र अमर कुमार तिवारी ने केंद्र सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय से शिकायत की। उन्होंने विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की व्यवस्था को पूरी तरह से ध्वस्त बताया है। अमर कुमार तिवारी ने कहा सत्र 2024-27 के लिए जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज की नामांकन प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हुई है, जबकि कॉलेज को बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है।

उन्होंने बताया राज्य के अन्य लॉ कॉलेजों में जनवरी में ही नामांकन प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। लेकिन कोल्हान विश्वविद्यालय अब तक नोटिफिकेशन तक जारी नहीं कर पाया है। उन्होंने अपनी शिकायत में उल्लेख किया नामांकन प्रक्रिया में पहले विश्वविद्यालय द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया जाता है, फिर प्रवेश परीक्षा और उसके परिणाम के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार होती है, जिसके आधार पर छात्रों का नामांकन होता है, लेकिन कोल्हान विश्वविद्यालय की उदासीनता के कारण छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। अमर कुमार तिवारी ने केंद्र सरकार से मांग की कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को तत्काल बदला जाये, ताकि जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में नामांकन प्रक्रिया समय पर शुरू हो सके। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय का यही रवैया रहा, तो छात्र इस कॉलेज में नामांकन लेने से कतराएंगे और तीन साल का कोर्स पांच साल में भी पूरा नहीं हो पायेगा।

## अकीदत के साथ मस्जिदों और ईदगाह में अदा की गयी ईद उल अजहा की नमाज

# त्याग, समर्पण और इंसानियत के पैगाम का त्योहार है बकरीद : मिथिलेश



पूर्व मंत्री ने दी बकरीद की मुबारकबाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बकरीद के पाक मौके पर इस्लाम धर्मावलंबियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। श्री ठाकुर ने गढ़वा के ऊंचरी मस्जिद आदि नमाज स्थलों पर पहुंचकर मुस्लिम भाईयों के गले मिलकर उन्हें मुबारकबाद दी। साथ ही पूर्व मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को बकरीद की मुबारकबाद दी। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि बकरीद त्याग, समर्पण और इंसानियत के पैगाम का त्योहार है। इस बकरीद के मौके पर हम सभी मिलकर समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे की रौशनी फैलाएं। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। इस दिन इस्लाम धर्म के लोग जानवर की कुर्बानी देते हैं। इस्लाम में सिर्फ हलाल के तरीके से कमाये हुए पैसों से ही कुर्बानी जायज मानी जाती है। उन्होंने कहा कि बकरीद सिर्फ एक रस्म या त्योहार ही नहीं, बल्कि यह बताता है कि इंसान को खुदा की राह में हर चीज कुर्बान करने का जज्बा रखना चाहिए। मौके पर डॉ यासिन अंसारी, मदनी खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अकीदत के साथ अदा की गयी ईद उल अजहा की नमाज



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में ईद उल अजहा अर्थात कुर्बानी का पर्व बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गयी। बकरीद को लेकर शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुबह से ही लोगों में चहल पहल दिखा। बकरीद के मौके पर अरसली, मकरी, बेलपहाड़ी, बघमनवा, टाउनशिप में काफी रौनक देखी गयी।

## आपसी भाइचारे और हर्षोल्लास से मनाया त्योहार



केतार (आजाद सिपाही)। ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पावन पर्व केतार प्रखंड के विभिन्न गांवों में आपसी भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बेलाबार और नावाडीह गांव के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद में एक साथ सामूहिक रूप से नमाज अदा की और अपने वतन की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। नमाज के उपरांत स्थानीय मुखिया मुन्ना साह, बीडीसी प्रतिनिधि इंतियाज आलम, सदर शमीम अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, जसीमुद्दीन अंसारी एवं मस्जिद के इमाम मौलाना नसीम अहमद समेत ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## भाइचारगी और वतन से मोहब्बत करना हमारा इमान है : मौलाना



मेराल (आजाद सिपाही)। ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार शनिवार को परंपरागत तरीके से मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायत में स्थित ईदगाह और मस्जिदों में मुकर्रर समय पर नमाज अदा की गई। मेराल के पूर्वारी टोला स्थित ईदगाह पर नये परिधान में पहुंचे मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा कर देश की अमन और खुशहाली की खुदा से दुआ मांगी। सभी को खतीब वो इमाम हजरत कारी कमालुद्दीन साहब किबला ने नमाज अदा करायी। इस अवसर पर नूरी मस्जिद के इमाम हजरत गुलाम यासीन ने लोगों को अपनी तकरीर के माध्यम से नसीहत दी हमें कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जिससे कि हमें भी नुकसान हो और दूसरों को भी, हमें अपने धर्म के साथ-साथ औरों का भी सम्मान करना चाहिए। मेरा देश अनेकता में एकता का देश है हम सब यहां गंगा जमुनी तहजीब को मानने वाले हैं। भाईचारगी के साथ सबसे मिलजुल कर रहें, सबसे पहले अपने वतन की हिफाजत वतन से मोहब्बत करना मेरा ईमान है।

## इंटर कला संकाय में बालिका आवासीय विद्यालय भवनाथपुर का शानदार प्रदर्शन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। इंटर कला के परिणाम में कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भवनाथपुर का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की रीना कुमारी ने सर्वाधिक 71 प्रतिशत 356 अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। जबकि चांदनी कुमारी 68.6 प्रतिशत तथा 343 अंक दूसरे स्थान तथा उनीला कंडुलना ने 67.8 प्रतिशत तथा 339 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। जानकारी देते हुए स्कूल की वार्डेन कविता कुमारी ने बताया कि उस वर्ष इंटर कला के परीक्षा में कुल 27 छात्राएं शामिल हुई थी। जिसमें 13 प्रथम और 14 छात्राएं दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने सफलता पर शिक्षिकाओं और छात्राओं की मेहनत का परिणाम बताते हुए सफल छात्राओं की उज्वल भविष्य की कामना की।

## शनि देव मंदिर प्रांगण में खिचड़ी प्रसाद का वितरण



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप गढ़वा सहेली के द्वारा सब्जी बाजार स्थित शनि देव महाराज के भोग के पश्चात सभी भक्तों और बाजार में आए हुए लोगों को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। यह आयोजन सहेली कि पूर्व अध्यक्ष लता गुप्ता के पुत्र रोहन के जन्मदिन के अवसर पर उनके द्वारा आयोजित था। इस अवसर पर जायंट्स सहेली कि पूर्व अध्यक्ष,लता गुप्ता, माला केशरी,रीता केशरी,रंजना जैसवाल, सचिव रीमा स्वरुप, वीना केशरी, रीना केशरी, संगीता गुप्ता, प्रीति गुप्ता, वीना गुप्ता आदि सदस्यों उपस्थित थीं।

## पशु टीकाकरण को लेकर समीक्षात्मक बैठक

मझिआंव (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित मॉडल पशु चिकित्सालय परिसर में शुक्रवार को एफएमडी और एलएसडी टीकाकरण अभियान की सफलता के लिए एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार यादव ने की। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर टीकाकरण कार्य पूरा करना अनिवार्य है, अन्यथा उच्च अधिकारियों द्वारा जांच की जायेगी और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार 19 जून से 17 जुलाई तक खुरपका-मुंहपका और लंपी स्किन डिजीज जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा। बैठक में कर्मी अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, साहिल कुमार सिंह, पटेल कुश कुमार, यशवंत दूबे, विकास पांडेय, अविनाश कुमार, विशाल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


# जीएन कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने आइआइटी एडवांस में रचा कीर्तिमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जीएन कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने आईआईटी एडवांस में रचा कीर्तिमान। शिक्षा के क्षेत्र में जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल ने एक बार फिर गौरवपूर्ण इतिहास रचा है। इस वर्ष आयोजित आईआईटी एडवांस 2025 परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिभाशाली छात्र स्नेहल दुबे और दीपांशु कुमार चौबे ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। स्कूल स्तर पर स्नेहल दुबे ने क्लास 12वीं में भी अपना सर्वोच्च अंक लाकर टॉपर बने हैं और माता-पिता के नाम के साथ स्कूल का नाम भी रोशन किया है। स्नेहल दुबे पिता नागेंद्र नाथ दुबे माता नीतू देवी के सुपुत्र हैं। पिता पेशे से ठीकेदारी करते हैं जबकि माता एक कुशल गृहिणी हैं। स्नेहल आगे चलकर आईआईटी से बीटेक इंजीनियरिंग (एस्ट्रोनॉट) से करने की इच्छा जताया। वहीं दीपांशु कुमार चौबे भी आईआईटी से इंजीनियरिंग से सफलता प्राप्त कर देश सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, अनुशासित दिन चर्या और मजबूत आत्मविश्वास का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि स्कूल व शिक्षकों के मार्गदर्शन ने हमें सफलता का राह पर ला खड़ा किया है। निदेशक ने कहा कि विज्ञान जैसे चुनौती पूर्ण क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को चूम लेना एक अवसर पाना है जो भविष्य को संवारने का काम करेगा। वहीं प्राचार्य सीबी सिन्हा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है बल्कि हमारे पूरे स्कूल परिवार की एक जुट समर्पण और गुणवत्ता युक्त शिक्षण व्यवस्था का प्रतीक है।



SNEHAL KUMAR DUBEY
PCM - 91%



Dipanshu Choubey
PCM - 80%

# साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का हुआ भूमि पूजन

सदर प्रखंड के कितासोती गांव में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने की शिरकत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शनिवार को सदर प्रखंड के कितासोती गांव में समारोह आयोजित कर साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पथ निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी ने नारियल फोड़कर पथ निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। उक्त सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनेगा, जो परिहारा पंचायत अंतर्गत कितासोती गांव में गेटारी टांड़ तेनवर खेल मैदान तक भाया कितासोती बाजार चौक तक बनेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी ने कहा कि विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड, पंचायत और गांव में ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। उसी कड़ी में यह सड़क निर्माण का कार्य भी शामिल है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री के पिछले पांच साल के कार्यकाल के दौरान सिर्फ ठेकेदारी करने के ख्याल से बने हुए सड़क का मरम्मत कराकर राशि की निकासी किया गया है। विधायक सत्येंद्रनाथ ने उक्त परंपरा को समाप्त कर जनहित और ग्रामीणों के जनसरोकार से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर देवव्रत सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश्वर बैठा, श्रम नियोजन विभाग के विधायक प्रतिनिधि अरविंद पटवा, खाद्य आपूर्ति विभाग के विधायक प्रतिनिधि पंकज पासवान, प्रदीप प्रजापति, लल्लू चौधरी, सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विकास तिवारी, गोवावल के युवा मोर्चा के अध्यक्ष विकास तिवारी, युवा नेता अंकित तिवारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## महिला ने अबुआ आवास के नाम पर मुखिया पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप, उपायुक्त को आवेदन दिया



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बलिगढ़ निवासी कलावती देवी ने उपायुक्त गढ़वा को आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास के नाम पर मुखिया ललिता कुमारी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। उपायुक्त की दिए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मेरा घर जर्जर है। साथ ही आवास का योग्य लाभुक हूं। आवास सूची में मेरा नाम रहने के बाद भी रिश्वत नहीं देने पर आवास का लाभ नहीं दिया जा रहा है। जबकि मैं एवं मेरा परिवार मेहनत मजदूरी कर किसी प्रकार दो वक्त की रोटी उपलब्ध हो पा रहा है। मुखिया के द्वारा मोटी रकम की रिश्वत मांगा जा रहा है। पैसे नहीं देने के कारण मुझे आवास योजना से वंचित रखा गया है। आवेदक ने बताया कि हर बार बरसात में फूस एवं खपरैल का छत रहने के कारण रात में पूरे परिवार जग कर किसी प्रकार रात काटते है। आवेदिका ने उपायुक्त से जांचोपरांत मुखिया एवं दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए शीघ्र आवास योजना से लाभान्वित करने का आग्रह किया है। इधर इस तरह संबंध में मुखिया ललिता कुमारी ने बताया की रिश्वत मांगने का आरोप बेबुनियाद और राजनीतिक षड्यंत्र से प्रेरित है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से ईंट भट्ठा के मुंशी की मौत

ईंट भट्ठा पर मिट्टी की भारी में लगे थे कई ट्रैक्टर, ज्यादा ट्रिप लगाने की होड़ में हुई दुर्घटना

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव में शनिवार को एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से ईंट भट्ठा के बुजुर्ग मुंशी की मौत हो गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक हासनदाग गांव निवासी मुशन चौधरी 70 वर्ष गांव के ही चरकपथली के पूरब तरफ दानरो नदी किनारे स्थित चिमनी ईंट भट्ठा जो चिरौंजीया निवासी गोपाल साव एवं मनदीप साव का है, जहां मिट्टी भराई का काम कई ट्रैक्टर एवं जेसीबी के माध्यम से किया जा रहा था। वहीं पर मृतक मुशन चौधरी ट्रैक्टर का ट्रिप गिनने के कार्य में लगे थे। मिट्टी भराई के कार्य में कई ट्रैक्टर लगे थे, ज्यादा ट्रिप लगाने के चक्कर में हारादाग निवासी मनोज प्रसाद गुप्ता का जॉन डियर ट्रैक्टर को बैक करने के दौरान मुशन चौधरी को धक्का लग गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन फानन में भट्ठा मालिक द्वारा दुर्घटना की सूचना परिजनों को देते हुए इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे तभी उनके परिजन वहां पर आ गये और शंभू शाव पर हत्या का आरोप लगाते हुए मारपीट करने लगे। इसी बीच स्थानीय ग्रामीणों के बीच बचाव से मामला शांत हुआ। सूचना पर थाना प्रभारी विष्णु कांत दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी लिया। मृतक के परिजन शव को उठाने से रोक दिया। स्थानीय समाजसेवियों के जद्दोजहद के बाद ईंट भट्ठा मालिक द्वारा मुआवजा देने की सहमति के बाद शाम पांच बजे थाना पुलिस द्वारा शव को अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया।



# शुद्ध और ताजी हवा के लिए पौधरोपण जरूरी : डॉ पतंजली

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एकल अभियान के अंतर्गत संचालित जिले के विभिन्न 220 एकल विद्यालयों में पौधरोपण किया गया। जानकारी देते हुए एकल अभियान के अध्यक्ष डॉक्टर पातंजली केसरी ने बताया कि गढ़वा, मेराल, भवनाथपुर, नगर बंशीधर सहित जिले के अन्य एकल विद्यालयों में पौधरोपण किया गया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रारंभ यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। पर्यावरण दिवस के अवसर पर एकल अभियान के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत डीसी दिनेश कुमार यादव ने समाहरणालय परिसर में पौधरोपण कर किया है। इस दौरान डीसी श्री यादव ने कहा कि खुद को स्वस्थ और हरा भरा पर्यावरण बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। हम सभी को मिलकर काम करना होगा। पेड़ हमें कई प्रकार से लाभ पहुंचाते हैं। शुद्ध प्राणवायु, औषधि, फल-फूल, फर्नीचर, छाया, लकड़ी हमें पेड़ से ही मिलता है। एकल विद्यालय के गढ़वा इकाई अध्यक्ष डॉक्टर पातंजली केसरी ने कहा कि हमें अपना जन्म दिन, शादी सालगिरह अथवा अन्य शुभ अवसरों पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इसका लाभ हमारी आनेवाली पीढ़ी को भी मिलेगी।



## महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कैलान झुरही टोला में शनिवार को एक 24 वर्षीय महिला माया देवी पति जलेंद्र सिंह ने पारिवारिक विवाद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया पुलिस को सूचना मिलते ही थाना प्रभुारी रजनी रंजन ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। इधर घटना के बारे में मैके वालों ने अपने दामाद पर मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। हालांकि अभी थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद जांचोंं उपरांत करवाई की जायेगी।

## किसानों को प्रशिक्षण दिया गया



डंडई (आजाद सिपाही)। मंगराडाह जलछाजन द्वारा शनिवार को बालेखाड़ मध्य विद्यालय में किसानों को कृषि पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सहभागी केंद्र अध्यक्ष विजय राम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आजीविका में सुधार करने में मदद कर सकता है। इस प्रशिक्षण में कृषि के नए तरीके, फसल प्रबंधन और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करने के तरीके सिखाये जाते हैं। मौके पर उपस्थित नाबार्ड मंगराडाह जल छाजन परियोजना के प्रखंड अध्यक्ष तारा देवी, सचिन रामप्यारी राम, नगीना परहिया, रामनरेश सिंह, जगलाली सिंह, बीके भारती, दिनेश राम, मंजू देवी मानमती देवी, सरिता देवी, कमला देवी कुंती देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक भानु ने शादी समारोह में शामिल होकर वर वधू को दिया आशीर्वाद



सगमा (आजाद सिपाही)। पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने सगमा के मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव की पुत्री की शादी समारोह में हुए शामिल वर वधू को दिया आशीर्वाद। भानु प्रताप शाही ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में गरीबों के साथ हर दुख-सुख में शामिल रहने के लिए तत्पर रहने की अपील करते हुए कहा कि मैं शादी समारोह में आया हूं यह कोई राजनीतिक मंच नहीं, मैं आपके द्वारा किये गये स्वागत को हम दिल से नमन करता हूं। इस अवसर पर उपस्थित भारी भीड़ के साथ मुख्यरूप से श्री बंशीधर नगर के सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता सगमा के सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव, मंडल श्री बंशीधर नगर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडे, पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, धर्मजीत यादव, बबलू ठाकुर, सखीचंद प्रजापति, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धनंजय यादव, रविरंजन यादव निर्जय बैठा, राजेश बैठा, सैलेश चौबे संतोषी कुशवाहा दिनेश शर्मा हीरा यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरा होने पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय में मोदी सरकार के 11 वर्ष पुरा होने पर चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धि को लेकर अनेकों कार्यक्रम का आयोजन जिलेभर में आयोजित किया जायेगा। 9 जून को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का गठन होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, साथ ही अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। अमृत काल के तहत जिला मंडल से लेकर बुथ स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष पुरा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पुरा होने पर सेवा एवं सुशासन विकसित भारत गरीब कल्याण को लेकर अमृत काल में अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 5 जून से लेकर 15 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत बड़े पैमाने वृक्षारोपण का कार्यक्रम करना है। 21 जून को योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 23 जून को जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस बुथ स्तर पर मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में जनता के ऊपर अत्याचार किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता 25 जून को आपातकाल (काला दिवस) के अवसर पर जिला स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद घुरण राम प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश तिवारी पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला महामंत्री संतोष दुबे विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे वरिष्ठ नेता मुरली श्याम सोनी आदि उपस्थित थे।



## पंचायती राज पदाधिकारियों ने मेराल पूर्वी के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में पंचायती राज पदाधिकारियों द्वारा पंचायत की एक परित्यागित महिला को पंचायत से जीने का आधार प्रदान किया गया। पंचायती राज एसोसिएट प्रियंका कुमारी, पंचायत सचिव राधा कुमारी तथा वार्ड सदस्यों, स्वयंसेवी महिलाओं की उपस्थिति में पंचायत की परित्यागित महिला गीता देवी के घर जाकर मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, पेंशन प्रमाण पत्र, पत्र, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड दिया गया। इसके बाद मुखिया एवं पंचायती राज एसोसिएट द्वारा पंचायत के सभी 6 आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। चेतावनी के बाद भी सुधार नहीं लाने पर कार्रवाई करने की भी बात कही गयी। मौके पर उप मुखिया अली शेर अंसारी, वार्ड सदस्य विनोद चौधरी, देवकुमार, जल सहिया सुधा देवी, एएनएम ज्ञानती कुमारी, जेएसएलपीएस के लाली देवी, आरती कुमारी आंगनबाड़ी सेविका तथा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 08 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# हमें मिलकर धर्म और संस्कृति को बचाना है : सुदीप गुड़िया



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के रायसेमला खुदन बगीचा में शनिवार को आयोजित धनवार पाड़हा जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदीप गुड़िया शामिल हुए। उनका स्वागत पारंपरिक गीत एवं नृत्य किया गया।

जतरा को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हम सभी को मिलकर अपनी भाषा, धर्म और संस्कृति को बचाना है। हम सभी को मिलजुल कर रहना है और समाज को आगे बढ़ाना है। पाड़हा व्यवस्था को मजबूत करना है. युवा पीढ़ी को जागरूक करना होगा और अपने धर्म, समाज और संस्कृत को बचाने के लिए आगे आना होगा। हम सभी को मिल कर जल, जंगल जमीन को भी बचाना है।

कार्यक्रम में धनवार पाड़हा राजा जीवन धान, झामुमो तोरपा प्रखंड अध्यक्ष रोबिन तोपनो संतोष धान, समुयल धान, ज्ञिा धान, सुमन धान, जोन धान, सोमा पहान, निमी धान, बसंत धान आदि ने संबोधित किया।

# अपराधियों ने बाइक सवार युवकों की आंखों में मिर्ची फेंकी, एक युवक को मार डाला, दूसरा गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मुरहू थाना क्षेत्र के खटंगा गांव में शुक्रवार की देर रात दिल दहला देने वाली एक घटना प्रकाश में आयी है, जिसमें 21 वर्षीय युवक चोयता सरूकद की अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी। इस घटना में उसका साथी सिंगा मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात रात करीब 10 बजे के आसपास खटंगा और कोचाडीह गांव के बीच स्थित पुलिया के पास हुई। हमलावरों ने पहले दोनों की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और फिर चोयता और सिंगा पर बेरहमी से हमला कर चोयता की हत्या कर दी। घायल सिंगा मुंडा को इलाज के लिए खूंटी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि चोयता सरूकद के शव का सदर अस्पताल में शनिवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया गया। घटना को लेकर चोयता के चाचा तुरी मुंडा ने बताया कि चोयता और सिंगा सोयको साप्ताहिक हाट से लौट रहे थे। हमलावरों ने पूरी योजना के तहत वारदात को अंजाम दिया। घायल सिंगा मुंडा ने गांव के लोगों को बताया कि उनकी बाइक के आगे और पीछे हमलावरों की बाइक थी। जैसे ही दोनों युवक खटंगा और इचाडीह के बीच पुलिया के पास पहुंचे, बाइक सवार हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और अचानक आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया। उसके बाद धारदार हथियारों से चोयता पर हमला कर उसकी हत्या कर दी, जबकि सिंगा को गंभीर रूप से घायल कर हमलावर फरार हो गये। घायल सिंगा मुंडा कुछ देर तक सड़क पर ही पड़ा रहा। उसी दौरान एक व्यक्ति, जो बाड़ी गांव से खटंगा अपने मेहमान के घर आया था, अपनी बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। उसने घायल को देखकर अपनी बाइक रोकी और उसे बाइक पर बैठाकर खटंगा गांव पहुंचाया और ग्रामीणों की मदद से रात में ही खूंटी सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सुबह घटनास्थल पर चोयता का शव बरामद हुआ। शनिवार को गांव में इस घटना को लेकर ग्रामसभा की आपात बैठक हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

## मादक पदार्थों की रोक पर खूंटी में दो दिवसीय कार्यशाला



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी प्रखंड के तिरला गांव में शनिवार को जिले की सभी प्रखंडों की जेंडर सीआरपी और सामुदायिक समन्वयक के साथ मादक पदार्थों पर रोक को लेकर लिए दो दिवसीय जागरूकता कार्यशाला सह प्रशिक्षण की शुरुआत शनिवार को हुई। ज्ञात हो कि 10 से 26 जून तक राज्य सरकार द्वारा विशेष अभियान प्रस्तावित है। 26 जून को मादक पदार्थ की दुरुपयोग की रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार द्वारा जेएसएलपीएस खूंटी से छह मास्टर प्रशिक्षकों की रांची में प्रशिक्षण दिया गश हुआ है। इन्ही प्रशिक्षकों द्वारा यह कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षकों ने नशे के प्रकार, इससे होनेवाले दुष्प्रभाव, नशीले दवाइयां के नुकसान एवं जीवन में प्रभाव, शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, सामाजिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में भी कार्यशाला में विस्तृत जानकारी दी गई। नशे की रोकथाम के लिए जन जागरूकता के साथ ही माता-पिता की भूमिका, विद्यार्थी की भूमिका तथा शिक्षकों की जिम्मेवारी पर चचा की गयी। प्रशिक्षण को सफल बनाने में जेएसएलपीएस जिला कार्यालय के जिला समन्वयक विकास, रमेश नायक योगदान दिया।

## राज स्पोर्ट्स बुंडू ने आरडीह को 2-1 से हराकर बना चैंपियन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटवाल लीग का फाइनल मुकाबला शनिवार को राज स्पोर्ट्स बुंडू और आरडीह के बीच जीइएलचर्च आमलेशा मैदान में खेला गया संघर्षपूर्ण मुकाबला में राज स्पोर्ट्स ने आरडीह को 2-1 से पराजित किया। विजेता और उपविजेता दोनों टीमो को ट्राफी और नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया गया। सेमीफइनल में हारने वाले रॉयल एफसी और एनसी को भी ट्राफी और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट गोलकीपर राज स्पोर्ट्स के इंद्रजीत को, बेस्ट डिफेन्स एनसी के भीम मुंडा, बेस्ट मिडफील्डर राज स्पोर्ट्स के अंकित मुंडा, हाईस्ट गोल स्कोरर मुकेश महली, मैन ऑफ द मैच राज स्पोर्ट्स के रामेश्वर मुंडा, मैन ऑफ द टूनार्मेंट राज स्पोर्ट्स के अंकित मुंडा, और बेस्ट डीसीपीलिन टीम अड़की को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया दिया गया। मौके पर अतिथि के रूप मे विमल बिरुवा, प्रदीप टोप्पो रिषिकेश महतो, दिलीप सेठ हीरा मुंडा, बिन्देश्वर महतो, आनंद भेंगरा, बाहलेन भेंगरा वर्षा भेंगरा, कुसुम पूर्ति के अलावे काफी संख्या मे दर्शक मौजूद थे।

# राहे प्रीमियर लीग क्रिकेट का रॉयल चैलेंजर चैंपियन





आजाद सिपाही संवददाता

**राहे।** प्रखंड के डोमनडीह मैदान में शनिवार को राहे प्रीमियर लीग कैनवस क्रिकेट मैच का समापन किया गया। फाइनल मुकाबला रॉयल चैलेंजर और रियल टाइगर के बीच हुआ, जिसमें रियल टाइगर को हरा कर रॉयल चैलेंजर ने राहे प्रीमियर लीग कैनवस क्रिकेट पर कब्जा किया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला का उद्घाटन मुख्य अतिथि जेएलकेएम के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो, अंरतराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सुबोध कुमार, थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह, समाज सेवी जयराम महली, परमेश्वर महतो, जगरनाथ मुखर्जी, अजित सिंह, पंकज कुमार, राजेंद्र महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किये। पहले खेलते हुए रियल टाइगर ने 114 रन बनाया, जिसको रॉयल चैलेंजर ने एक ओवर रहते 5 विकेट से जीत लिया है। मैन ऑफ द सीरीज और मैन ऑफ द मैच चंदन कुमार को दिया गया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि अंरतराष्ट्रीय खिलाड़ी सुबोध कुमार विजेता टीम रॉयल चैलेंजर को नगद राशि और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। उपविजेता टीम को विशिष्ट अतिथि जयराम महली, उप प्रमुख उमेश महतो, राजेंद्र महतो, और श्याम महतो ने संयुक्त रूप में नगद राशि ओर ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

# जिला भाजपा की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर जिला भाजपा 5 से 30 जून तक आयोजित करेगी कई कार्यक्रम**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल बचरा दक्षिण सचिवालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता धनराज भोगता और संचालन संह संयोजक संजय कुमार भोगता ने किया। जिला भाजपा द्वारा 5 से 30 जून तक कई कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। वहीं पिपरवार में शनिवार को विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बिषय पर एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सुखी गंझू ने कहा कि देश की जनता ने विकसित भारत, स्वाभिमान भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को पूरा किया है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक और कार्यक्रम के संयोजक धनराज भोगता ने बताया कि 10 एवं 11 जून को जिला केंद्रों पर प्रेसवार्ता और प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम आयोजित होंगे। 12 से 14 जून तक मंडल स्तर पर संकल्प सभा, 15 से 17 जून तक पंचायत स्तर पर चौपाल, आयुष्मान भारत योजना का पंजीकरण, 17 से 20 जून योग प्रशिक्षण और 21 जून को योगदिवस कार्यक्रम मंडल स्तर पर आयोजित किये जायेंगे, जबकि 23 जून को पार्टी के प्रेरणा पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम और 24 जून को टंडवा प्रखंड मुख्यालय में पार्टी राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। वहीं 25 जून को लोकतंत्र हत्या दिवस, 29 जून को मन की बात कार्यक्रम और 30 जून को हूल दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने सभी कार्यक्रम को संपर्क और संवाद के माध्यम से प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित भाजपा भाजपा नेता धनराज भोगता, सुखी गंझू, संजय कुमार भोगता, गोलू केशरी, अरुण सिंह, शिव शंकर गंझू, बासुदेव गंझू, सुरेश, प्रमेश्वर, बिनोद, जगदीश, राजेंद्र, शिब, रीना देवी, निर्मल, अजय, महेंद्र भोगता और अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुये।

## काउंसिल की एनके एरिया कमेटी का पुनर्गठन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी एंप्लाइज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल की एनके एरिया कमेटी का पुनर्गठन कर दिया गया है। इस संबंध में काउंसिल के कोल इंडिया अध्यक्ष सह महामंत्री सीसीएल बृजकिशोर राम ने एनके एरिया महाप्रबंधक को पत्र भेजकर नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों की जानकारी साझा की है। नवगठित कमेटी में संरक्षक राकेश रौशन, मिथलेश पासवान, मनोज रजक और राघवेंद्र पासवान, अध्यक्ष दिलीप गंझू, प्रमोद राम कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष रिजवान अंसारी, चंद्रदीप पासवान, असरफी राम सचिव दिलीप कुमार पासवान, उप सचिव कार्तिक सतनामी, संजय कुमार, चूरामन दास, संगठन मंत्री राम प्रवेश राम, कोषाध्यक्ष थेरा मांझी तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दिनेश भर, राजकुमार दास, मनोज चौधरी, बिरसा उरांव, लालजीत गंझू, मनोज राम, रामलाल राम और हरेंद्र का नाम शामिल है।

## हॉकी कोच प्रतिमा बरवा को दी गयी श्रद्धांजलि



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा मुंडा कॉलेज परिसर स्थित फुटबॉल मैदान में शनिवार को जिला खेल प्रेमी के बैनर तले शोक सभा आयोजन कर हॉकी कोच प्रतिमा बरवा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर जिला खेल प्रेमी के संजोयक मार्शल बारला ने कहा कि प्रतिमा बरवा का असमय निधन खेल जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा बारवा ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिये हैं। उनके निधन से पुरा क्षेत्र मर्माहत है। मौके पर दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और उनकें चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। शोक सभा में सोनाराम सोरेन मेजर खुंटी, सुशील तोपनो अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, दशरथ महतो सचिव हॉकी खूंटी, मानसिंह मुंडा फूटबॉल कोच, राजेश कोल एथलीट कोच, बलराम मुंडा परमानंद कुमार, बीबीयानी कोनगाड़ी, जुनास मुंडू, चमन होरो, निर्मल मिंज, रिमझिम बारला के अलावा विनि खेलों से जुड़े लोगों ने प्रतिमा बारवा को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# विद्यार्थी परिषद ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन बिरसा कॉलेज की बदहाली से कराया अवगत



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की खूंटी इकाई ने शनिवार को जिला संयोजक प्रकाश टूटी के नेतृत्व में बिरसा कॉलेज, खूंटी में व्याप्त अनियमितता और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी को 14 सूत्री ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी ने कॉलेज प्रशासन पर छात्रों की समस्याओं के प्रति उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में प्राचार्य को कई बार ज्ञापन सौंपने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। इसके कारण छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में छात्रों ने कॉलेज में पेयजल की गंभीर समस्या, शौचालयों की दयनीय स्थिति, पुस्तकालय में पुस्तकों की कमी और उसके अक्सर बंद रहने तथा छात्रों के बैठने के लिए उचित सुविधा का अभाव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। इसके अतिरिक्त, स्वच्छता की कमी, सुरक्षा व्यवस्था में ढिलाई, प्रयोगशालाओं की खराब स्थिति और शिक्षकों की समय पर अनुपस्थिति पर भी चिंता व्यक्त की गई। एबीवीपी ने कॉलेज परिसर के सामने तंबाकू आदि के सेवन पर रोक लगाने, कैंटीन की सुविधा केवल विद्यार्थियों के लिए सुनिश्चित करने, तथा विश्वविद्यालय को मिड-सेम के अंक समय पर न भेजे जाने की समस्या पर भी ध्यान आकर्षित किया।

एबीवीपी के जिला संयोजक प्रकाश टूटी ने बताया कि इन सभी समस्याओं को लेकर वे पहले भी कॉलेज प्राचार्य को कई बार ज्ञापन सौंपा गया है। इसके बावजूद, कॉलेज प्रशासन की ओर से छात्रों की इन गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। एसडीओ ने दिया त्वरित कार्रवाई का आश्वासन अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने एबीवीपी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि इस मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने एबीवीपी को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि वे स्वयं इस विषय पर कॉलेज प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट मांगेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि छात्रों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान हो।

## तमाड़ में पेयजलापूर्ति ठप, जनता परेशान

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ में जल नल योजना से घर घर पेयजलापूर्ति योजना सफेद हाथी साबित हो रही है। पिछले बीस दिनों से पेयजलापूर्ति ठप है। कांची पंप हाउस में मोटर की खराबी के कारण लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। इसके अलावे पाइप फटने की शिकायत लगातार बनी रहती है। सलगाडीह स्थित पानी फिल्टर मशीन और पानी टावर ठीक है। करोड़ों रुपये की लागत से इसका निर्माण किया गया, लेकिन इसका फायदा ठीक ढंग से नहीं मिल पा रहा है। लोगों का भरोसा इस योजना से उठता चला जा रहा है। लोग महीने के हिसाब से पैसे भी देते हैं फिर भी पानी नहीं मिलता है। अब महीने पैसे बढ़ाने की तैयारी किया जा रहा है। बकरीद में भी पानी नहीं मिल सका। कब पानी मिलेगी, यह कहना मुश्किल है। पिछले महीने लाखों रुपये खर्च कर इसकी मरम्मत भी करायी गयी थी। एक सप्ताह चली लेकिन फिर वहीं हालत हो गयी। इसी के पानी से एकलव्य आवासीय विद्यालय सलगाडीह कस्तुरबा गांधी विद्यालय टाटा आईटीआई मिशन विद्यालय आदि आते हैं। सभी स्कूलों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

## जेनेट एकेडमी के छात्र का लाल लाडली योजना में चयन

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** जेनेट एकेडमी मैकलुस्कीगंज से दसवीं पास छात्र का चयन सीसीएल की लाल लाडली योजना में एनके एरिया के एक युवक राहुल कुमार का चयन हुआ है। तुमांग पंचायत अंतर्गत डोका टॉड निवासी धर्मेंद्र साव के पुत्र राहुल कुमार का सीसीएल के लाल के रूप में चयन हुआ है। राहुल कुमार जेनेट एकेडमी मैकलुस्कीगंज से इसी वर्ष दसवीं की परीक्षा पास की है। जेनेट एकेडमी से दसवीं बोर्ड परीक्षा में राहुल ने टॉप किया था। राहुल के पिता एक फल विक्रेता है। धर्मेंद्र साव ने बताया कि सीसीएल के लाल में चयन होने से परिवार के लोग काफी खुश है। चयन होने के बाद सीसीएल प्रबंधन की ओर से राहुल का नामांकन डीएवी गांधीनगर में हुआ है। राहुल के इंटर की पढ़ाई और इंजीनियरिंग की कोचिंग का सारा खर्च सीसीएल वहन करेगा।

# अकीदत और एहतराम से मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार

## कोयलांचल की मस्जिद और ईदगाह में उमड़ी भीड़, बच्चों में दिखा उत्साह



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचंल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को ईद उल अजहा बकरीद का त्योहार आपसी सौहार्द और सादगी के साथ मनायी गयी। बकरीद की नमाज अदा करने को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाह में भारी भीड़ देखी गयी। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के सभी मस्जिदों और ईदगाह मे अपने निर्धारित समय पर नमाज अदा की गयी। बचरा जामा मस्जिद मे सुबह सात बजे बकरीद की नमाज अदा की गयी। बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने नमाज पढ़ायी, जिसके बाद क्षेत्र, राज्य एंव देश की खुशहाली और आपसी भाईचारगी के लिए दुआ मांगी गयी। वही क्षेत्र के बहेरा, कल्याणपुर, न्यु मंगरदाहा, राय और पुरानीराय मे भी अकीदत के साथ बकरीद की नमाज अदा की गयी। नमाज के बाद लोगो ने एक दुसरे से गले मिलकर त्योहार की बधाई दी। वही बच्चों मे भी त्योहार का उत्साह देखा गया और बच्चों ने भी एक दुसरे के गले मिलकर उत्साह मनाया।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया गया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू क्षेत्र के मुस्लिम बहुल गांवों में सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद-उल-अजहा बकरीद मनाया गया। एदेलहातु क्षेत्र के नुर मस्जिद, अली कॉलोनी मस्जिदों एवं जमा मस्जिद व इमामबाड़ा में बकरीद का नमाज अदा कर बकरों की बली दी गयी। एक दुसरे से गले मिले और खुशियां इजहार किया। वहीं बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा दलबल के साथ बकरीद में शांति व्यवस्था बनाए रखने में डटे रहे और एक दुसरे को बधाई दिया।

## मुरी में भाईचारे के साथ मनी ईद उल अजहा



**मुरी (आजाद सिपाही)।** शनिवार को बकरीद ( ईद उल अजहा) भाईचारे के साथ मनायी गयी। आसपास के मस्जिदों में नमाज अदा की गई उसके बाद कुबार्नी की रस्म पुरी की गयी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे से गले मिले, हाथ मिलाए एवं बधाइयां दी। सिल्ली, मुरी, कूटाम, कलवाडीह, सुलुमझुरी के मुस्लिम भाइयों के घरों में कई प्रकार के व्यंजन भी बने, खाए और खिलाए। मोहम्मद फारूक ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कुर्बानी, त्याग, विश्वास और समर्पण का त्यौहार है।

## खलारी कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा बकरीद त्योहार मनाया गया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी कोयलांचल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को ईद-उल-अजहा बकरीद का त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर मुसलिम समुदाय के लोगों ने नजदीक के मस्जिदों व ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा किए और एक दूसरे को मुबारकबाद दिए। हुटाप स्थित मस्जिद में सुबह 07.15 बजे, जेहलाटांड ईदगाह में हाफिज जमीर अख्तर के द्वारा सुबह 7.30 बजे, जामा मस्जिद में सुबह 7.30 बजे, नया बस्ती व भूतनगर में साढे सात बजे बकरीद की नमाज अदा किया गया। जामा मस्जिद में मौलाना नेहाल अख्तर ने नमाज में देश दुनिया में अमन चैन और भाईचारगी के लिए दुआएं मांगी। वहीं अन्य मस्जिदों में भी नमाज में देश दुनिया में अमन चैन और भाईचारगी के लिए दुआएं मांगी गई। त्योहार को लेकर स्थानीय खलारी पुलिस के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम किया गया था।

## शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायी गयी बकरीद



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ में जल नल योजना से घर घर पेयजलापूर्ति योजना। ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम बहुल गांवों में सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद उल अजहा बकरीद मनाया गया। तिरूलडीह थाना क्षेत्र के चौड़ा एवं तिरूलडीह के तमाम मस्जिदों व इमामबाड़ा में बकरीद का नमाज अदा कर बकरों की बली दी गयी, वहीं ईचागढ़ थाना क्षेत्र के आमड़ा,वनडीह एवं गौरांगकोचा के मस्जिदों में नमाज अदा कर अपने घरों में बकरों की कुर्बानी दी गयी। एक दुसरे से गले मिले और खुशियों का इजहार किया गया। वहीं तिरूलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार, ईचागढ थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे दलबल के साथ बकरीद में शांति व्यवस्था बनाए रखने में डटे रहे और एक दुसरे को बधाई दिया। तिरूलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से बकरीद का महापर्व संपन्न कराने में स्थानीय ग्रामीणों व शांति समिति के सदस्यों का काफी योगदान रहा। उन्होंने शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग के लिए आम जनों को बधाई दिया। मौके पर बकरीद में बीडीओ एकता वर्मा, कुकड़ु सीओ सतेंद्र पासवान उपस्थित थे।

## जमीन दलालों पर पुलिस कार्रवाई करे: रामकुमार पाहन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने शनिवार को अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह से मुलाकात कर अवैध रूप से जमीन का कारोबार करने वाले जमीन दलालों पर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के रिंगरोड एवं आसपास में सक्रिय जमीन दलालों के कारण कभी भी हिंसक घटनाएं हो सकती है। जमीन दलाल हाल के दिनों में फर्जी कागजातों के जरिए रैयतों से जबरन उनकी जमीनें हड़पने में लगे हैं। उन्हें न कानून का डर है ना ही प्रशासन का। उल्टे पुलिस प्रशासन का भय बनाकर रैयतों को धमकाया जाता है। जमीन कारोबारी रैयतों को धमकाते हैं कि स्थानीय पुलिस प्रशासन उनके पॉकेट में हैं। उनका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता है। जमीन दलाल फर्जी चेक देकर रैयतों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने जमीन कारोबारियों के करतुतों पर नजर रखने की मांग पुलिस से किया।

# अल्लाह की इबादत में उठे हजारों हाथ, अकीदत के साथ मस्जिदों-ईदगाह में अदा हुई नमाज

## नमाज अदा कर मांगी गयी देश एवं समाज में अमन-चैन और आपसी भाइचारे की दुआ, गले मिलकर दी गयी मुबारकबाद

आजाद सिपाही टीम

**बेड़ो/इटकी/रातू/पिस्कानगड़ी/लापुंग/अनगड़ा।** त्याग एवं बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा (बकरीद) नरकोपी एवं बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के बीच शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीद का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह में लोगों ने केशा, चचकोपी, करांजी, तुको, नरकोपी, पीपर टोली, महरू, घाघरा, हांठू, बिल्टी, केनाभिठा और कादोजोरा गांव स्थित ईदगाहों-मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। वहीं, पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सभी चौक-चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। प्रखंड के गांव एवं अन्य जगहों पर कहीं भी कोई अप्रिय घटना ना हो इसे लेकर सड़कों पर नरकोपी एवं बेड़ो पुलिस की गश्त लगाती रही।





### इटकी में भाइचारे के साथ मनी बकरीद

इटकी के ईदगाह में हजारों मुस्लिम समाज के लोगों ने शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज अदा कर देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। इससे पहले निर्धारित समय से पूर्व ही ईदगाह में नमाजियों का पहुंचना शुरू हो गया था। इसके बाद निर्धारित समय करीब 8.15 बजे नमाजियों की भीड़ जमात खड़ी हुई। मौलाना ऐनामुल हक ने नमाजियों को नमाज अदा कराया और देश दुनिया में अमन चैन की दुआ सामुहिक रूप से मांगी। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारक बाद दी। इसके बाद कुर्बानी शुरू हुई।

## नमाज अदा कर मांगी देश-लापुंग की सुख-समृद्धि और शांति की दुआ : मो शहीद रजा

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** फतेहपुर में बकरीद का त्योहार शांति एवं शौहार्दयपूर्ण वातावरण से मनाया गया। शुक्रवार को चांद देखने के बाद शनिवार को बकरीद की नमाज गोबिंदपुर (जरियागढ़) के ईदगाह में सुबह सात बजे पढ़ी गयी। गोबिंदपुर ईदगाह में मो शहीद रजा ने बकरीद की नमाज अदा करवाया। इस दौरान क्षेत्र में सुख शांति की दुआ मांगी एवं नमाज के बाद सभी गिले-शिकवे भूल कर एक-दूसरे के गले मिले। नमाज के बाद मरहूमों की याद में कब्रिस्तान में इबादत की गयी। इसके बाद सभी सक्षम लोगों ने अपने घरों में बकरे की कुर्बानी दी। वहीं, शांति व्यवस्था के लिए लापुंग के थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार महतो सड़क पर दलबल के साथ मौजूद थे। वहीं, फतेहपुर, गोबिंदपुर, रेहरगड़ा, जम्हार, लारता के सैकड़ो मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों में नमाज अदा की। फतेहपुर के अलावे ककरिया और कातिंकेला में भी बकरीद की नमाज अदाकी गयी।

## देश में अमन चैन की दुआ के लिए उठे हजारों हाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के हुरहुरी, विजुलिया, परहेपाट, कनोज, बानापीडी, जाड़ी, रातू चट्टी, सिमलिया, फुटकलटोली, चापा टोली, भोंडा, अगड़ू, तिगरा, बाजपुर आदि गांवों में शनिवार को मस्जिदों एवं ईदगाहों में ईद उल अजहा की नमाज पूरे अकीदत के साथ पढ़ी गई। सभी जगहों पर सुबह सात बजे से लेकर 7.30 बजे तक नमाज अदा की गई। इसके बाद देश में अमन चैन के लिए हजारो लोगों ने दुआ मांगी। इसके साथ ही ईद-उल-अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस की निगरानी रही। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये थे। इसकी कमान डीएसपी अरविंद कुमार एवं थानेदार रामनारायण सिंह ने खुद संभाली थी।



उधर, इटकी के जामा मस्जिद के अलावा मदिना मस्जिद, जाफरी मस्जिद, उमेसलमा मस्जिद, शईदा मस्जिद, आसिया मस्जिद सहित गड़गाव, पलमा, तरगड़ी, कुर्गी, बारीडीह, कुन्दी, मोरो, स्टेशन, टुरुगुरु, रानीखटंगा सहित अन्य गांवों के मस्जिदों में नमाजियों ने बकरीद की नमाज अदा की।

### नगड़ी में धूमधाम से मनी बकरीद

नगड़ी प्रखंड क्षेत्र के नगड़ी देवरी, साहेर एड़ चोरो सपारोम, उतरी टुंडूल, दक्षिणी टुंडूल, लालगुटवा और चेटे की मस्जिदों एवं ईदगाहों में शनिवार को ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। सुबह सात बजे से नौ बजे तक नगड़ी प्रखंड के साहेर जामा मस्जिद में बकरीद की नमाज अदा की गई। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने अल्लाह की इबादत में हाथ उठाए और नमाज अदा करते हुए देश-समाज में अनन-चैन और आपसी भाइचारे की दुआ मांगी। इसके बाद नगड़ी प्रखंड के मुस्लिम धर्मावलंबी परंपरागत तरीके से बकरीद मनाए। इसे पूर्व नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी।

## शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर अखंड हरि कीर्तन शुरू



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी पूराना बाजार टाड स्थित शिव मंदिर का नवसुंदरीकरण सह स्थापना दिवस समारोह वैदिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पंडित राम प्रसाद पाठक ने शनिवार की सुबह शिव मंदिर में विधि पूर्वक शिव पूजन सह रूद्रा अभिषेक कराया। इसके बाद दोपहर में विधिवत पूजन करने के बाद 12 घंटा का अखंड हरि कीर्तन शुरू हुआ। दोपहर में विशाल भंडारा का भी शुभारंभ हुआ। इधर, अखंड हरि कीर्तन में नगडी नारो देवरी बरसा चिपरा, साहेर डोका टोली ईटकी आदि गांव के कीर्तन मंडली ने हरि की कीर्तन किया। इस अवसर पर मुकेश पाठक ने बताया कि उनके पूर्वजों ने भारत की आजादी के पांच साल पूरे होने पर गांव में सनातन परंपरा जागृत करने के उद्देश्य से इस मंदिर का निर्माण कराया था। उसी परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आज नगडी-ईटकी प्रखंड के विभिन्न गावों के हरि कीर्तन कराया गया जो हर साल निंतर चलता रहेगा। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में पंडित मुकेश पाठक, संदीप पाठक, विजय केसरी, अमर पाठक, मंयक पाठक, सोनल पाठक, खुशी पाठक, परी पाठक आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# विक्षिप्त महिला से दुष्कर्म

## पीड़िता की बेटी की शिकायत पर आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** थाना क्षेत्र में एक बार फिर दुष्कर्म की घटना ने समाज को शर्मसार किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। उसकी पहचान बंधना उरांव के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे शनिवार को जेल भेज दिया है। बंधना उरांव पर 45 वर्षीय एक विक्षिप्त महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। घटना शुक्रवार की बतायी जा रही है। इस मामले को लेकर पीड़िता की बेटी ने आरोपी के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता की बेटी ने बंधना उरांव पर आरोप लगाते हुए बताया कि शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे वह मां को घर में छोड़ कर बहन के साथ घरेलू समान खरीदारी बाजार गई थी। जब शाम करीब चार बजे घर पहुंची तो उसके घर का दरवाजा बंद पाया। वह दरवाजा खोल कर अंदर गई तो बंधना उरांव उसकी मांग के साथ दुष्कर्म कर रहा था। उसे देखते ही झट से खड़ा हो गया, तब वह पूरी तरह निर्वस्त्र था। उसने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद बी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी और आरोपी बंधना उरांव को गिरफ्तार कर लिया, जिसे बाद में जेल भेज दिया। वहीं, पीड़िता को जांच के लिए रांची भेज दिया गया।



## नगर भ्रमण के साथ ककरिया में अखंड हरि कीर्तन का समापन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ककरिया में दो दिवसीय अखंड हरि कीर्तन का समापन शनिवार को नगर भ्रमण के साथ हुआ। इससे पूर्व पुजारी रामशंकर पाठक और सुरेश देवघरीया ने हवन एवं अन्य अनुष्ठान करायें। इससे पूर्व पश्चिम बंगाल के पुरूलिया, झारखंड के गुमला जिला के कामडारा, खूंटी जिला के रनिया सहित अन्य गांवों के स्थानीय कीर्तन मंडलियों ने हरे राम, हरे कृष्ण की धुन से अदभुत समा बांधा। वहीं, भंडारा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गंगाधर साहु, लक्ष्मी नारायण साहु, सुधीर साहु, अनिल साहु, ब्रज बिहारी साहु, दिपक साहु, प्रवीण कुमार, नुनकरन साहु, शुभाष साहु, राम प्रवेश गुप्ता, विजय साहु, नित्यानंद सेन, रवि वर्मा, सुमित कुमार, चुनिया राम, नंदलाल साहु, अशोक नायक, रामरतन साहू आशिष सेन आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## मौत की गुत्थी सुलझाने को पुलिस ने शुरू की जांच

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)। अनगड़ा पुलिस ने बचनलाल मुंडा (25) की अस्वभाविक मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है। विदित हो कि मेढ़ा निवासी बचनलाल मुंडा का शव 4 जून को जोन्हा रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ था। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा था, लेकिन परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। इसे देखते हुए पुलिस गहराई से जांच कर रही है। इस क्रम में पुलिस ने मृतक की लेप्सर निवासी कथित प्रेमिका से पूछताछ भी की है।**

## सिविल सोसाइटी ने दी बकरीद की बधाई



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिविल सोसायटी के तत्वावधान में शनिवार को होटल राजधानी गोंदलीपोखर में बकरीद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सिविल सोसायटी के अध्यक्ष जलनाथ चौधरी ने किया। इसमें पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सुरेंद्र महतो, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, डॉ रिझू नायक, आतिश महतो, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेश साहू, सत्यदेव मुंडा आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को बकरीद की शुभकामनाएं दी। वहीं, समाजसेवी सिकंदर अंसारी, नागपुरी कलाकार मजबूल खान, पत्रकार नसीम अहमद एवं अध्यक्ष जलनाथ चौधरी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सिविल सोसायटी के आतिश महतो, रामसाय मुंडा, राजू प्रमाणिक, रितु महतो, जलेश महतो, रामपोदो महतो, डॉ दिनेश कुमार, संजय महतो, झब्बूलाल महतो, महेंद्र महतो, शिवलाल महतो, रामनाथ महतो, शिबू मुंडा, राजू नायक आदि मौजूद थे।

## कांके विधायक ने पप्पू अंसारी को बनाया विस स्तरीय सोशल मीडिया प्रभारी, पूर्व मंत्रियों-नेताओं ने दी बधाई

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** कांके विधायक सुरेश बैठा ने काटमकुली गांव निवासी मुस्ताक आलम उर्फ पप्पू अंसारी को विधानसभा स्तरीय सोशल मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। इसे लेकर विधायक ने डीसी और एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों को भी पत्र भेजा है। विधायक ने मुस्ताक आलक को निर्देश दिया है कि सभी मीडिया से समन्वय बनाकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। वहीं, मुस्ताक आलम के सोशल मीडिया प्रभारी बनने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू, संजर खान, कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, बबलू उरांव और जहरुद्दीन अंसारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



## सेमरा गांव में 12 वर्षीय संगी भईयादी महोत्सव का आयोजन

- ढोल-ढाक, नगाड़े के साथ निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** 12 साल में एक बार आयोजित होने वाले 12 वर्षीय संगी भईयादी महोत्सव 2025 का दो दिवसीय कार्यक्रम शनिवार से बेरमो प्रखंड के सेमरा गांव में शुरू हुआ। इस दौरान सेमरा गांव स्थित अखरा स्थल से ग्रामीणों ने ढोल, ढाक, मांदर, नगाड़ा, शहनाई एवं झण्डा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाला, जो परंपरागत नाच गान के साथ सेमरा के संगी गांव बारीडीह के लिए प्रस्थान किया। यह शोभायात्रा सेमरा, केशा मोड़, तेतरटोली एवं बेड़ो होते हुए बारीडीह पहुंचा। जहां संगी और बारीडीह गांव के ग्रामीणों ने ढोल, ढाक, मांदर नगाड़ा एवं झण्डा के साथ सेमरा गांव के ग्रामीणों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद दोनों गांव के संगी भाई परंपरागत नाच गान करते हुए अखरा स्थल पहुंचे। जहां रात में सामूहिक भोज के बाद एक बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि यह महोत्सव 12 साल में एक बार मनाया जाता है। जो जनजातिय क्षेत्र में संगी शब्द की महिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने की अनमोल प्रेरणा देता है। यह महोत्सव हमारी परंपरा की विरासत है। जिसे सहेज कर रखना हमारा कर्तव्य है। ग्रामीणों ने कहा कि यह महोत्सव हमें मानव समाज में मानवीय मूल्यों, मानवता, सौहार्द, सहिष्णुता, समरसता, एकता और आपसी भाईचारा को एक सूत्र में बांधकर मानवीय जीवन जीने का पाठ पढ़ाता है। उक्त समारोह का रविवार को संगी गांव बारीडीह से सेमरा गांव के ग्रामीणों की विदाई के साथ समापन होगा। वहीं महोत्सव को सफल बनाने में सुभाष उरांव, सुका उरांव, जतरु उरांव, बोलको उरांव, सुकरा पहान, गंदुरा उरांव, पुजार रमेश उरांव, दिलीप उरांव, सवनु उरांव, तीर्थदेव महतो, बोले उरांव, चरवा उरांव, सुमित उरांव, अमित उरांव, अजय उरांव, सूरज बड़ाइक, सुमन केरकेट्टा, रूबी उरांव, अनिता केरकेट्टा, बसंती उरांव, सुको उराईन, बुधु उरांव, पंचम उरांव, राजू उरांव, सूरज उरांव, वाणी कुमार राय, धनंजय कुमार राय, सुजीत कुमार राय, फगुवा उरांव, सुका महतो, प्रकाश उरांव, बासुदेव उरांव, मोहन उरांव, भेदो उरांव, ईश्वर गोप, बंधन टाना भगत, वीणा टाना भगत और संतु गोप आदि का सराहनीय योगदान रहा।



बेड़ो में महोत्सव के दौरान निकली शोभायात्रा में शामिल ग्रामीण।


# रात में बेड़ो सीएचसी जाना हुआ मुश्किल

## बिजली के खंभे तो लगे हैं, पर लाइट ही नहीं, पसरा रहता है सन्नाटा

- प्रखंड एवं डीएसपी कार्यालय होने के बावजूद लाइट की नहीं हो रही व्यवस्था

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** लोहरदगा मार्ग से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाले रास्ते में बिजली की रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण रात में घायलों को अस्पताल ले जाने में स्वजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रात के समय महिलाओं के साथ अनहोनी की आशंका भी बनी रहती है। लेकिन इस समस्या की ओर किसी का ध्यान ही नहीं है। कोई जनप्रतिनिधि इसे लेकर गंभीर नहीं है। बेड़ो-लोहरदगा मार्ग से सीएचसी तक जाने में पूरे रास्ते में एक भी लाइट नहीं है। बेड़ो के ग्रामीणों का कहना है कि यहां वर्षा होने पर मोड़ के समीप कई लोग गिरकर घायल भी हो गए हैं। लेकिन अभी तक अस्पताल प्रबंधन, प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों में से किसी ने लाइट की व्यवस्था करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी।



### जनप्रतिनिधि-प्रशासन के लोग बने अनजान

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 17 पंचायत के बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं इलाज कराने आती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी की ओर जाने वाले इस रास्ते में लाइट ना होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दिन में तो किसी तरह काम चल जाता है, लेकिन रात में काफी परेशानी होती है। अगर महिलाओं के साथ कोई साथ न हो तो अस्पताल जाने में उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समाजसेवी मुकेश कुमार राय, भीखा उरांव एवं सेवानिवृत्त शिक्षक नकुल राम महथा का कहना है कि प्रखंड मुख्यालय में संचालित यह अस्पताल काफी महत्वपूर्ण है। इसे देखते हुए सीएचसी जानेवाले मार्ग में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जानी चाहिए। ताकि अस्पताल आने-जाने में लोगों को परेशानी ना हो।

# डुमरी के योजना पदाधिकारी के कार्यालय में सजता है मयखाना

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी के बीपीओ संदीप उरांव का दफ्तर इन दिनों मयखाना सजाने के लिए बहुत चर्चित है। ये नजारा कुछ फोटोग्राफ में तो देखा जा सकता है, जो आजाद सिपाही के पास उपलब्ध हुए हैं। हालांकि आजाद सिपाही इन फोटोग्राफ की कोई पुष्टि नहीं करता है। मामला ये है कि कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर एक्का ने उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित को आवेदन देकर बीपीओ के विरुद्ध कारवाई की मांग की है। और बीपीओ द्वारा उनके कार्यालय को ही मधुशाला बनाए जाने के साक्ष्य के रूप में इन तस्वीरों को प्रस्तुत किया है। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने उपायुक्त को दिए गए आवेदन में बीपीओ पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं।

**बीपीओ पर लगे हैं ये आरोप**

बीपीओ संदीप उरांव पर आरोप है कि बिना पैसा लिए कोई योजना स्वीकृत नहीं करते। उन्होंने महिला मेट की जगह पर ऑपरेटर के भाई राम लखन सिंह का निबंधन कर



रखा है, जिससे बिना काम के सेकंड स्टेज फर्जी जीईओ टैग करने का काम लिया जाता है। आरोप यह भी है कि लाभुक जब मस्टर रोल निकलवाने या भुगतान के लिए इनके पास आते हैं तो बीपीओ द्वारा पैसा या मुर्गा- दारू की मांग की जाती है। बताया गया है। आवेदन में बताया गया है कि बीपीओ संदीप उरांव एवं राम प्रसाद ने मिल कर मनरेगा से अपने परिवार वालों के खाते में 5 लाख से अधिक की राशि का हस्तांतरण किया है। बीपीओ संदीप उरांव तथा राम प्रसाद ने इनके दो भाइयो से मिल कर लगभग 150 परिवार के खाते से मनरेगा, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन तथा सरकार के महत्वकांक्षी योजना मैईया सम्मान योजना की राशि की अवैध तरीके से निकासी कर ली गई है। कई बार बीडीओ और आला अधिकारियों से मामलों की हुई शिकायत बीपीओ संदीप उरांव के खिलाफ कई बार डुमरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा उप विकास आयुक्त से शिकायत की गई। लेकिन इतने गंभीर आरोपों के साक्ष्य की उपलब्धता के बावजूद ऐसे पदाधिकारियों के विरुद्ध कारवाई नहीं होना खुद अपने आप में एक सवाल है।

**अब तक हुई केवल इतनी सी करवाई**

बीपीओ के खिलाफ लगातार शिकायत मिलने के बाद उप विकास आयुक्त गुमला के द्वारा सिर्फ इतनी सी कारवाई हुई कि उन्होंने पत्रांक दिनांक 15.02.2025 का पत्र निर्गत कर बीपीओ का स्थानान्तरण डुमरी से प्रखण्ड कार्यालय विशुनपुर कर दिया। हैरान कर देने वाली बात यह है कि इतने लंबे चौड़े घोटाले का आरोप लगने के बाद बीपीओ का केवल स्थानान्तरण किया गया। यानी डुमरी के बाद बिशुनपुर के खजाने की चाभी सौंप दी गई। लेकिन शायद बीपीओ साहेब को डुमरी के खजाने से ही दिलचस्पी रही होगी। सो उन्होंने बिशुनपुर प्रखंड कार्यालय में योगदान नहीं दिया। तब इसकी शिकायत ग्रामीण विकास मंत्री से की गई। तब पुनः उप विकास आयुक्त को चिट्ठी लिखनी पड़ी। डीडीसी के पत्रांक : 153 दिनांक 22.03.2025 को निर्गत पत्र में नवपदस्थापित प्रखण्ड योगदान देने का आदेश किया गया।

**अभी तक बीडीओ ने नहीं किया विरमित**

हद तो तब हो गई कि बीपीओ साहेब चार माह बीत जाने के बावजूद अभी तक डुमरी में ही जमे हैं। क्योंकि इनके सर पर पदाधिकारियों का हाथ है। बीडीओ डुमरी ने आजाद सिपाही को बताया कि उन्हें बिरमित नहीं किया गया है। मगर आने वाले दिनों में बिरमित कर दिया जाएगा। नहले पर दहला यह कि बीपीओ साहेब बता रहे हैं कि उन्हें शुक्रवार को ही बिरमित कर दिया गया।बीपीओ को संरक्षण देने और बिरमित होने - नहीं होने वाली इन दोनो की बातों से इनके इंटरनल ट्विनिंग का बखूबी अंदाजा लगाया जा सकता है। बीपीओ को संरक्षण देने के कारण बीडीओ पर भी लग रहे हैं आरोप, अब तो बीपीओ पर लगातार लग रहे आरोपों और उन पर करवाई के नाम पर हो रही खानापूर्ति के बाद बीडीओ पर भी उंगलियां उठनी शुरू हो गई हैं। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष ने बीपीओ को संरक्षण देने के कारण बीडीओ पर भी भ्रष्टाचार में संलिप्त होने की आशंका जाहिर की है।

## प्रहरी क्लब गठन के लिए उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में दिया गया प्रशिक्षण

गुमला (आजाद सिपाही)। अब जिले भर के स्कूली बच्चों को नशीले पदार्थों से दूर रखने के लिए प्रहरी क्लब का गठन किया जायेगा। जिले के स्कूलों में मादक पदार्थों की रोकथाम तथा जागरूकता को लेकर प्रहरी क्लब शुरू किए जाने की योजना है। राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निदेशानुसार जिले के कक्षा 9 से 12 के 130 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 'प्रहरी क्लब' के माध्यम से नशे के खिलाफ एक मजबूत और सशक्त अभियान शुरू किया गया है। इसे लेकर शनिवार को उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले के सभी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों सहित दो वरीय शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो तथा जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां एवं एडीपीओ ज्योति खलखो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया। ये प्रशिक्षित शिक्षक प्रहरी क्लब के माध्यम से जागरूकता संबंधी कार्य करेंगे तथा इस अभियान के जरिए बच्चों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जायेगा और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

## दुर्गा मंदिर प्रांगण में श्री सदगुरु कबीर प्रगट महोत्सव का किया गया आयोजन



कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा प्रखंड क्षेत्र के दुर्गा मंदिर प्रांगण में शनिवार को श्री सदगुरु कबीर प्रगट महत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजरोहण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही कामडारा दुर्गा मंदिर प्रांगण से रांची सिमडेगा पथ पर ब्लॉक चौक होते हुए पुराना अस्पताल तक कलश यात्रा निकाला गयी। सदगुरु कबीर साहब प्रगट विक्रम संवत 1455 को हुआ था और उनके परम शिष्य धनी धर्मदास साहब को गुरुवाई करने का भार साहब कबीर ने सौंपा था,वर्तमान में 16वां वंश गुरु उदित मुनि नाम साहब ने केडीवी मिशन की शुरूवात की। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य सभी जीवों से प्रेम करना और दया करना है। वहीं इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी ग्रामीण को प्रेम एवं सद्भावना व मानवता का पाठ बताया गया साथ ही सत्य और अहिंसा के मार्ग में चलने की प्रेरणा दिया गया। जीव दया और आतम पूजा के विषय में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महंत जगदीश दास (पूरी), महंत गजमानी दास(गुमला),खखुआ साहब (लोहरदगा) राजू साहब, सुलेंद्र साहब, गुमला जिला प्रतिनिधि खुदिया साहब, उपप्रतिनिधि मड़वारी साहब, परोपकारी प्रतिनिधि महेश साहब, गुमला जिला के महिला प्रतिनिधि गुलशन देवी, खूंटी जिला के महिला प्रतिनिधि दुलावती देवी,ओडिशा राज्य के महिला प्रतिनिधि बबिता देवी उपस्थित हुए साथ कामडारा के हीरा साहब, केवल साहब,राधेश्याम साहब, पवन साहब, हनुमंत साहब सहित केडीवी मिशन के सदस्य उपस्थित ।

## बलिदान, समर्पण और अटूट भक्ति का पर्व है ईद उल अजहा : मौलाना ऐनाम



गुमला (आजाद सिपाही)। बलिदान यानी कुबानी अल्लाह को सबसे प्यारी है। कुर्बानी का उद्देश्य नबी हजरत इब्राहिम की याद में अल्लाह के प्रति समर्पण और बलिदान की भावना को दर्शाती है। यह एक ऐसा प्रतीक है, जो मुसलमान को अल्लाह की राह में सब कुछ निछावर कुर्बान करने के प्रेरित करता है। उक्त बातें सिसई रोड स्थित ईदगाह में अपने खिताबत के दौरान जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इनआम रब्बानी ने कही। उनकी इमामत में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद की नमाज अदा की। नमाज के बाद शहर व राज्य में खुशहाली और भाईचारे के लिए विशेष दुआ की गई। उन्होंने हजरत मोहम्मद के बताए तरीके पर चलकर जीवन यापन करने का रास्ता दिखाया। अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया के बुनियादी कामों को मजबूती के साथ आवाम की मदद से पूरा करने का प्रयास करेंगे। अंजुमन इस्लामिया गुमला ने जिला प्रशासन नगर परिषद व जिला प्रशासन का शुक्रिया अदा किया। अंजुमन इस्लामिया के प्रवक्ता आशिक अंसारी ने कहा कि पूरे जिले में शांति पूर्ण तरीके से बकरीद मनाई गई। ये गुमला जिले के बेमिसाल भाईचारे को प्रदर्शित करता है। नायब सदर हाजी सुल्तानअंसारी ,अफसर आलम ,सहसचिव सरवर आलम ,मुमताज आलम, कलीम अख्तर उर्फ कल्लन मोहम्मद हसन उर्फ लड्डन शहजाद अनवर, मोहम्मद खुर्शीद उर्फ पप्पू, मोहम्मद आरिफ उर्फ डेजी इरफान अली मोहम्मद अनवर ,नसीम खान ,समीम खान, मीर मिराज, मोहम्मद कौसर, हाजी आजाद नसीम खलीफा ,शकील खान ,आदि ने व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने जहर पीने का वीडियो बना कर किया वायरल

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के बूंदा गांव निवासी 24 वर्षीय संजीव उरांव ने शुक्रवार की अपराह्न 4 बजे कीड़ा मारने वाला जहर पी लिया जहर पीते हुए उसने वीडियो भी बनाया और उसे अपने व्हाट्सएप प्रोफाइल में अपलोड कर दिया इसके बाद वह अपने घर जाकर सो गया जब उसके दोस्तों ने उसके व्हाट्सएप प्रोफाइल में जहर पीने का वीडियो दिखा तब सभी उसके घर पहुंचे और तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आए वायरल वीडियो में युवक ने कहा मैं अपनी जिंदगी से तंग आ चुका हूं इसीलिए जहर पी रहा हूं इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। इसके बाद उसने जहर का पूरा बोतल गटक लिया। बताया जाता है कि संजीव शादीशुदा है और उसका 6 वर्ष की एक बेटी भी है उसकी पत्नी दो माह पूर्व पति के मर्जी से काम करने मुंबई चली गई है बेटी अपने पिता के साथ घर में रहती है। इसी बीच संजीव को एक लड़की से प्रेम हो गया वह अक्सर उससे फोन में बातें किया करता है लेकिन किस कारण उसने जहर पी लिया इसका स्पष्ट पता नहीं चल पाया है उसके दोस्तों ने बताया प्रेम प्रसंग में ही उसने जहर पिया है। फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे रिम्स रेफर किया जा सकता है।

## अकीदत के साथ अदा की गयी बकरीद की नमाज, कुर्बानी भी दी गयी

जारी (आजाद सिपाही)। जारी थाना क्षेत्र में शनिवार को ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गईं। बकरीद के नमाज पढ़कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। वही थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर के ईदगाह, तिगरा, कमलपुर, सिकरी, जरडा, परसा, बरवाडीह, तेतरटोली सहित अन्य ईदगाहों में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद अमन शांति के लिए अल्लाह ताला से दुआएं मांगी और मुस्लिम भाइयो ने एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दिया। पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर लोग विभिन्न ईदगाह और मस्जिदों में जमा होने लगे थे। मौके पर गोबिंदपुर ईदगाह में नमाज के दौरान संबोधित करते हुए इमाम नेजामुद्दीन कादरी रब्बानी वा सुहैल अख्तर ने कहा कि ईद उल अजहा बलिदान और संयम का दिन है। इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिलहिज्जा की दसवीं तारीख को यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी आत्मा को शुद्ध करने का एक उत्तम साधन है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दिखावे के लिए न हो। उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलैही सलाम को कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए थे। अल्लाह को यह अदा काफी पसंद आई। इसके बाद सभी लोगों ने त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप के अनुसार बकरे की कुर्बानी दी गई।

# आजादी के 78 साल बाद भी विकास की बाट जोह रहा गुमला का मंगरूतला गांव

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। झारखंड: आजादी के 78 साल और झारखंड राज्य के गठन के 25 साल बीत जाने के बाद भी गुमला जिले के जारी प्रखंड अंतर्गत जरडा पंचायत में पहाड़ों की चोटी पर बसा मंगरूतला गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है। लगभग 25 से 30 परिवार इस गांव में निवास करते हैं, लेकिन सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जिससे ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है।

**अधूरी आवास योजनाएं और रिश्ते में बाधा:** ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही अबुआ आवास और पीएम आवास जैसी योजनाओं का लाभ इस गांव के किसी भी परिवार को आज तक नहीं मिला है। धनो खेरवाईन नामक एक ग्रामीण ने बताया कि गांव में सड़क न होने के कारण शादी के लिए रिश्ते तक नहीं आते, जो गांव के



सामाजिक ताने-बाने पर गहरा असर डाल रहा है।

**स्वास्थ्य आपातकाल में जान का जोखिम:** मंगरूतला गांव तक पहुंचने के लिए कोई उचित सड़क नहीं है। ग्रामीणों को पगडंडीनुमा रास्तों और बड़े-बड़े पत्थरों व घाटियों से होकर गुजरना पड़ता है। दोपहिया वाहन भी बड़ी मुश्किल से गांव तक पहुंच पाते हैं। सड़क न होने का सबसे गंभीर परिणाम स्वास्थ्य आपातकाल में देखने को मिलता है। जब पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि कोई भी सरकारी अधिकारी आज तक उनके गांव नहीं पहुंचा है।

**दूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण:** गांव की सैकड़ों की आबादी पानी की हर जरूरत के लिए एकमात्र चूएं पर निर्भर है। गर्मी बढ़ने के साथ यह चूआ सूखने लगता है, और बरसात के दिनों में इसका पानी लाल और दूषित हो जाता है, लेकिन हर बार 'हो जायेगा' कहकर टाल दिया जाता है और आज तक पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई है।

**बिजली का अभाव और शिक्षा पर प्रभाव:** मंगरूतला गांव में बिजली के खंभे तो लगाये गये हैं, लेकिन आज तक बिजली नहीं पहुंची है। दिन के उजाले में तो बच्चे पढ़ लेते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में पढ़ाई में भारी दिक्कत होती है, जिससे उनकी शिक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

**आंगनवाड़ी की कमी और बच्चों का भविष्य:** नरता कुमारी, दुर्गा खेरवार और तेतरू खेरवार ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गांव में 20 से 25 छोटे बच्चे-बच्चियां हैं, लेकिन आज तक एक भी आंगनवाड़ी केंद्र नहीं बना है, जिससे इन बच्चों के भविष्य पर गहरा असर पड़ रहा है।

**जन समस्या शिविरों में भी नहीं मिला समाधान:** ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर कई बार जन समस्या शिविरों में शिकायत की है और आवेदन दिये हैं। हर बार अधिकारियों द्वारा समाधान का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यह एक बड़ा सवाल खड़ा करता है कि कब इन ग्रामीणों को इन परेशानियों से निजात मिल पाएगी और वे भी एक सम्मानजनक जीवन जी पायेंगे।

## डुमरी में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 7 बजे अदा की गयी




डुमरी (आजाद सिपाही)। डुमरी ईद उल अजहा की नमाज शनिवार को सुबह 07:00 बजे जमा मस्जिद में अदा किया गया। नमाज के बाद मुबारकबाद और खुशहाली की कामना की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और खुशहाली की कामना की। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी और अल्लाह से देश के खुशहाली के लिए दुआ मांगा ईद उल अजहा मुस्लिम समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसमें लोग अल्लाह की इबादत में नमाज अदा करते हैं और कुर्बानी देते हैं। इस मौके पर डुमरी थाना के ए एस आई रविन्द्र भारती दल बल के साथ मस्जिद के चारो तरफ चौकस रहे।

# पिकअप ने तीन को रौंदा, दो मरे, एक रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला लोहरदगा नेशनल हाईवे रोड स्थित टोटांबी बाजार टांड़ के पास शुक्रवार की रात 8:30 बजे तेज रफ्तार पिकअप वाहन के टक्कर से बाइक सवार खरका निवासी राजकेश्वर साहू और सुरेंद्र साहू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं खरका निवासी शिवपूजन साहु गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच जांच कर राजकेश्वर साहू और सुरेंद्र साहू को मृत घोषित कर दिया जबकि सदर अस्पताल में इलाज के बाद शिवपूजन साहू को रिम्स रेफर कर दिया। उसकी स्थिति भी नाजुक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक शिवपूजन साहू गुरुदरी थाना में पदस्थापित है घटना में उसका एक पैर और दोनों हाथ क्षतिग्रस्त हो गया है। तीनों एक बाइक में सवार होकर कंडरा गम्हरिया लगन पान करने गए थे जहां से वापस अपने गांव लौट रहे थे बताया जाता है कि 8 मई को बाबाधाम मंदिर घाघरा में लड़का की शादी होने वाली थी। घटना की जानकारी के बाद काफी संख्या में घर वाले सदर अस्पताल पहुंचे जहां सभी का रो-रो कर बुरा हाल था सूचना पर गुमला थाना प्रभारी महेंद्र करमाली सदर अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वही रिम्स भेजने में सहयोग किया।

## स्पोर्ट्स



अनऑफिशियल टेस्ट- इंडिया-ए 348 रन पर ऑलआउट:केएल राहुल का शतक, जुरेल की फिफ्टी; इंग्लैंड लायंस से क्रिस वोक्स को 3 विकेट

# केएल राहुल का इंग्लैंड में धमाकेदार शुरुआत, पहले दिन ही लगाया शतक

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंडिया-ए की टीम इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट की पहली पारी में 348 रन पर ऑलआउट हो गई है। नॉर्थम्प्टन में चल रहे मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को इंडिया ए ने 319/7 के स्कोर से खेलना शुरू किया और 29 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए। क्रिस वोक्स ने 3 विकेट झटके। जोश टंग और ग्रेस हिल को 2-2 विकेट मिले। पहले दिन केएल राहुल ने 116 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 168 बॉल की पारी में 15 चौके और



एक छक्का लगाया। राहुल के अलावा, ध्रुव जुरेल (52 रन) ने अर्धशतक जमाया। करुण नायर ने 40 और नीतीश कुमार रेड्‌डी ने 34 रन बनाए। पहले दिन बारिश की वजह से दो बार खेल रोकना पड़ा, इस वजह से 83 ओवर का ही खेल हो पाया। यशस्वी-राहुल के बीच 86 रन की साझेदारी। इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। राहुल और यशस्वी जायसवाल ने ओपनिंग की। लेकिन जल्द ही जायसवाल (17) और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (11) को क्रिस वोक्स ने छह्ह कर दिया। इंडिया-ए ने 40 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद करुण नायर (40) और राहुल ने पारी संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिए 139 बॉल पर 86 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद ध्रुव जुरेल और राहुल के बीच साझेदारी हुई। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 121 रन जोड़े। वहीं जुरेल ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। हालांकि इसके बाद कम अंतराल पर पहले जुरेल (52) और फिर राहुल (116) दोनों ही जॉर्ज हिल की बॉल पर आउट हो गए।

**पहला अनऑफिशियल टेस्ट ड्रॉ रहा था**

इंडिया-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला अनऑफिशियल टेस्ट ड्रॉ हो गया था। मुकाबले के चौथे दिन भारत की ओर से 4 अर्धशतक लगे। पहले दिन इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया। इंडिया-ए ने पहले पारी में 557 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड टीम 587 रन पर ऑलआउट हुई। चौथे और आखिरी दिन भारत दूसरी पारी में दो विकेट खोकर 241 रन बनाया।

# जोकोविच फ्रेंच ओपन का सेमीफाइनल हारे कहा, शायद यह मेरा आखिरी मैच था

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन 2025 का सेमीफाइनल मैच हार गए हैं। इसी के साथ उनका 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने का सपना भी टूट गया है। 38 साल के सर्बिया के स्टार को 23 साल के इटली के जैनिक सिनर ने 6-4, 7-5, 7-6 (3) से हराया। यह मैच 3 घंटा और 16 मिनट में चला। सिनर से सीधे सेटों में हारने के बाद जोकोविच ने अपना बैग नीचे रखा। दर्शकों को आभार जताते हुए कहा- 'शायद यह मेरा



आखिरी मैच था। मुझे नहीं पता, इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक हूं। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए, यह अद्भुत था।' जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे। इससे पहले जोकोविच ने ब्रिटेन के कैमरून नोरी को हराकर फ्रेंच ओपन में अपनी 100वीं जीत दर्ज की थी, जिससे वह राफेल नडाल के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गये।

### रफ्तार का कहर : भूली बड़की बौआ मोड़ के पास सर्विस लेन पर हुआ हादसा

# दो बाइक की भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत, एक गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के तेतुलमारी थाना अंतर्गत धनबाद-कांको 8 लेन पर शुक्रवार की देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। भूली बड़की बौआ मोड़ के पास सर्विस लेन पर हुए हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गयी। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना उस समय हुई जब पतराकुल्ही चौहान बस्ती निवासी सौरभ बेलदार अपने दोस्त कृष्णा चौहान के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। वहीं, विपरीत दिशा से एक अन्य बाइक पर सवार बड़वाटांड़ निवासी गोलू कुमार गोप उर्फ रवि गोप भी तेज रफ्तार में आ रहा था। जिसकी भूली बड़की बौआ मोड़ के पास सर्विस लेन पर जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों बाइकों पर सवार युवक उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे और बुरी तरह घायल हो गए। यह देख आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) भेजा, जहां डॉक्टरों ने सौरभ बेलदार और गोलू गोप को मृत घोषित कर दिया। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखा गया है। जबकि सौरभ का साथी कृष्णा चौहान गंभीर रूप से घायल है, जिसे बेहतर इलाज के लिए असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में मातम छा गया। परिजन अस्पताल में रोते बिलखते नजर आए। वहीं, ईस्ट बसुरिया ओपी पुलिस ने घटनास्थल से दोनों बाइकों को जब्त कर लिया। साथ ही मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


मृतक गोलू गोप और सौरभ बेलदार की फाइल फोटो एवं दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

## कोयला लदे ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, हालत गंभीर

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा स्थित पुराना बीएसएनएल ऑफिस के समीप तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था कि बाइक को धक्का मारने के बाद ट्रक भी अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल बाइक सवार को अस्पताल भिजवाया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, खबर पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और जांच शुरू कर दी है। लगे हाथ सड़क पर पलटे ट्रक को हटवा कर सड़क जाम खुलवाने का प्रयास कर रही है। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो ट्रक की गति काफी तेज थी, जिस कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया। पुलिस फिलहाल ट्रक चालक की जानकारी जुटा कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। दूसरी ओर, इस घटना के कारण कुछ देर के लिए यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने सुचारू कर दिया।

# दुबई के फैशन मैगजीन में कवर गर्ल बनकर अनीता मजूमदार ने बढ़ाया धनबाद का मान

### धनबाद नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर भी हैं अनीता

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** दुबई के होटल ट्री हिल्टन में मशहूर फैशन मैगजीन की लांचिंग हुई। जिसके कवर पेज पर धनबाद की मॉडल और अभिनेत्री अनीता मजूमदार को कवर गर्ल बनाया गया। साथ ही अनीता मजूमदार के लाइफस्टाइल, खूबसूरती बरकरार रखने के लिए डाइट, मुकाम तक पहुंचने के लिए कठिन प्रयास-संघर्ष और हर एक अचीवमेंट को दर्शाया गया है। मैगजीन में अनीता का पेरिस में प्रति वर्ष दो बार आयोजित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मॉडल रैंप वॉक में परफॉर्म करने का गौरवपूर्ण मौका, लक्मे फैशन वीक बॉम्बे टाइम्स दुबई, इलाहाबाद टाइम्स राष्ट्रीय फैशन में भी सेलिब्रिटी शोस्टॉपर में शानदार वॉक, अंतराष्ट्रीय कोरियन परफ्यूम ब्रांड को इंडोर्स करने और बेस्ट एक्ट्रेस के लिए बहुत ही प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के फैशन एंड लाइफस्टाइल अवॉर्ड से नवाजा जाना, जी म्यूजिक एल्बम में तू निकली बेवफा और ओ हीरिए की सफलता एवं शूटिंग के दौरान यादगार लम्हों की प्रस्तुति, बेंगली बेंगली हॉरर वेब सीरीज मैं काम करने का अनुभव और अनीता मजूमदार का वर्तमान में धनबाद नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर के तौर पर परफॉर्मेस को बेहतरीनपूर्वक दर्शाया गया है। इस संदर्भ में अनीता मजूमदार ने बताया कि बहुत ही मेहनत से सभी मंचों में अपना सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस देकर पूरे इंडिया और खासकर अपने शहर धनबाद का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन करना मुझे हार्दिक खुशी और सुकून की अनुभूति कराता है। धनबाद वासियों ने हमेशा मुझे बेटी की तरह प्यार और समर्थन दिया है इसके लिए मैं सदा आभारी रहूंगी।



# ऑपेशन सिंदूर की सफलता पर भारत विकास परिषद ने निकाली तिरंगा यात्रा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद धनबाद मुख्य शाखा की ओर से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर शनिवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाला। जिसका शुभारंभ आइएसएम परिसर से हुआ, जो पुलिस लाइन, कंबाइंड बिल्डिंग, सिटी सेंटर, सिंफर गेट होते हुए सिंफर कॉलोनी तक पहुंची। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारों से गुंजता रहा। आईएसएम और सिंफर के सैकड़ों छात्र, कर्मचारी एवं नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य देश की तकनीकी शक्ति, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना था। इस अवसर पर सोमनाथ पृथी, पूर्व अध्यक्षकिशन गोयल, अध्यक्ष सुदीप चक्रवर्ती सचिव पवित्र तुलस्यान, कोषाध्यक्ष पंजक कुमार, पूर्व सचिव संजय अग्रवाल पर्यावरण प्रमुख आदि उपस्थित थे। इसके अलावा आईएसएम से डी डायरेक्टर धीरज कुमार, खेल विभाग अध्यक्ष संजय मंडल, अभिषेक वैश्य, अनिता कुमारी, सिंफर से डायरेक्टर अरविंद कुमार मिश्रा, डॉ आदित्य राणा आदि शामिल थे।



# रैयतों के हर संघर्ष में एडवा साथ खड़ी है: उपासी महताइन



**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) की बैठक शनिवार को बेलगाड़िया ग्राम में हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया कमला देवी ने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उपासी महताइन ने कहा कि देश में महिलाओं की स्थिति ठीक नहीं है। महिलाओं की गर्भ से लेकर कब्र तक शोषण हो रही है। घरेलू हिंसा की शिकार हो रही है। अभी मंइयां सम्मान योजना और सरकारी आवास योजना का पैसा जिन गरीब आदिवासों को मिलना चाहिए, उनको नहीं मिल रहा है। इसके खिलाफ आंदोलन करेंगीं। इस दौरान सरसाकुड़ी, आसमनी और कालीपुर मोजा की जमीन का जबरन अधिग्रहण करने का विरोध किया गया। वक्ताओं ने कहा कि रैयतों के साथ किसी भी प्रकार की जोर जबरदस्ती और जबर जमीन अधिग्रहण का प्रयास बर्दास्त नहीं करेंगी। महिला समिति, रैयतों के साथ हर संघर्ष में खड़ी रहेगी और आंदोलन में उतरेंगी। इस मौके पर पुरनी देवी, मंडो देवी, नीतू देवी, नीलम कुमारी, गुड़िया कुमारी आदि मौजूद थीं।

# दवा और इलाज में कोताही बर्दाश्त नहीं : अजय सिंह

- क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी से मिला आरसीएमयू का प्रतिनिधिमंडल
- नियमित साफ-सफाई और पैरामेडिकल स्टॉफ की कमी को दूर करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**कथारा/बेरमो।** आरसीएमयू का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को सीसीएल कथारा के क्षेत्रीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एमएन राम से मिला। यूनियन क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कहा कि सीसीएल इकाई क्षेत्र अंतर्गत कथारा में श्रमिकों की संख्या सबसे अधिक है। लेकिन उनकी चिकित्सीय सुविधा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा है। क्षेत्र में लगभग 4200 मैन पावर है जो पूरे सीसीएल में पहला स्थान रखता है। चिकित्सीय सुविधा के नाम पर क्षेत्रीय अस्पताल में मात्र चार डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट, दो ड्रेसर हैं। आपातकालीन स्थिति में हमेशा वाद विवाद की स्थिति बनी रहती है। कंपनी में अन्य कार्य तो आउटसोर्स के भरोसे पूरा किया जाता है, लेकिन मजदूरों की चिकित्सीय वेलफेयर में काफी कमी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था से श्रमिकों में काफी आक्रोश है। वे जल्द सीसीएल के सिर्फ पदाधिकारी को वस्तु स्थिति की जानकारी दें। बताया कि यह निर्णय लिया गया कि यूनियन का प्रतिनिधिमंडल सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एवं निदेशक कार्मिक से मिलकर क्षेत्र की वस्तु स्थिति से अवगत कराएगा। क्योंकि वर्तमान में चिकित्सा व्यवस्था क्षेत्रीय अस्पताल में चरमरा गई है। सफाई कर्मी की कमी के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में बरसात के समय कीटनाशक पदार्थ की छिड़काव नाली एवं कुआं में किया जाता था, लेकिन वह भी बंद हो चुका है। उक्त परेशानियों से बेरमो विधायक सह यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार जयमंगल सिंह को भी अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मेघनाथ राम, डॉक्टर एस के सिंह, यूनियन की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, सहायक सचिव देवाशीष आश, राहुल शर्मा, संतोष सिन्हा, रणजीत सिंह, कमलकांत सिंह एवं अमनदीप सिंह आदि मौजूद थे।

# बोकारो डीसी ने दिया होसिर मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने का भरोसा

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** बोकारो डीसी अजय नाथ झा शनिवार को होसिर पूर्वी पंचायत स्थित नेताजी सुभाष चौक पहुंचे। जहां इफ्तिखार महमूद के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी एवं भाकपा नेता इफ्तिखार महमूद ने साल 1919 में स्थापित होसिर मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने का डीसी से आग्रह किया। जिस पर डीसी ने उक्त स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या आदि की जानकारी लेने के बाद स्कूल को अपग्रेड करने का भरोसा दिया। इस मौके पर बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मनोज मच्छुवा, बीडीओ महादेव कुमार महतो, संतोष कुमार महतो, अनवर रफी, खुर्शीद आलम, अशरफ अंसारी, वली वारसी, हीरालाल, रोजगार सेवक कपिल रविदास, कामरान जावेद, जमाल वारसी, फहद महमूद, कमल वारसी, फैंक महमूद, मोजाहिद जफर, सादिक जावेद, बबलू टेलर, गुलजार अंसारी, मंजूर अंसारी, बंदर यासीन, अख़्तर हुसैन और खुर्शीद आलम आदि उपस्थित थे।



## निमियाघाट पुलिस ने नक्सली वीरसेन मांझी के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** निमियाघाट पुलिस ने शनिवार को नक्सली वीरसेन मांझी के खिलाफ न्यायालय की ओर से जारी इश्तेहारउसके घर जाकर चिपकाया। इस संबंध में थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि डुमरी के जरीडीह निवासी वीरसेन मांझी उर्फ चंचल उर्फ निर्भय निमियाघाट थाना के कांड संख्या 24/19, 111/19 और 69/21 का प्राथमिकी अभियुक्त है। इसके खिलाफ भादवि की विभिन्न धाराओं सहित 17 सीएलए एक्ट, 13 यूएपी एक्ट एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। आरोपी लंबे समय से फरार हैं। शनिवार को एसआई हरीश कुमार, एएसआई अविजित कुमार और पुलिस टीम ने अभियुक्त के गांव जरीडीह पहुंचकर उसके घर और सार्वजनिक स्थानों पर इश्तेहार चिपकाया।

# बोकारो डीसी ने बकरीद पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर किया गोमिया का भ्रमण

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर शनिवार को बोकारो के डीसी अजय नाथ झा ने गोमिया क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान वे स्वांग दक्षिणी पंचायत के वन मार्केट और गोमिया मोड़ में पंचायत प्रतिनिधियों एवं सभी वर्गों के लोगों के साथ मिले। इसी क्रम में गोमिया मोड़ पर स्थित स्वतंत्रता सेनानी के प्रतीक चिन्ह पर माल्यार्पण भी किया। भ्रमण के दौरान उपस्थित लोगों ने डीसी, बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ एवं गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो को बुके एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। वहीं, डीसी ने भी मिलजुल कर रहने और विकास कार्यों में एकजुट होकर टीम भावना के साथ काम करने की बात कही। कहा कि बोकारो के लोग अमन पसंद हैं। इस मौके पर जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, गोमिया मुखिया बलराम रजक, पलिहारी मुखिया सपना कुमारी, स्वांग दक्षिणी मुखिया रीना सिंह एवं स्वांग उतरी मुखिया बिनोद विश्वकर्मा, पंसस सैफ अली, पूर्व मुखिया धनंजय कुमार सिंह, विपिन कुमार, मो सुलेमान, मो असलम, फिरोज खान, मो नसीम, सोनाराम बेसरा, दुलाल प्रसाद, रोहित यादव, चंदन पासवान, केदारनाथ स्वर्णकार, ओमकिंकर वर्मा, रामबृक्ष यादव, मो मिनहाज, राजू शाही, अनिल जैन, मो मोईन, वार्ड सदस्य रहीबुन निशा, आनंद निषाद, तौफीक आलम, सादिक आलम, हसमत रजा, जे अख्तर, अली राजा आदि उपस्थित थे।



# बीसीसीएल ब्लॉक-2 में 9 जून से आजसू का अनिश्चितकालीन धरना

### आउटसोर्सिंग कंपनियों पर तानाशाही और भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

- सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी करेंगे आंदोलन का नेतृत्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** आजसू के धनबाद जिला प्रधान सचिव एवं गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी ने बीसीसीएल और क्षेत्र में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय युवाओं को रोजगार, विस्थापितों को पुनर्वास और रैयतों को उनका हक नहीं मिला, तो बीसीसीएल की कोयला खनन परियोजनाओं का संचालन बंद कर दिया जाएगा और कंपनियों को बोरिया-बिस्तर बांधकर यहां से जाना होगा। शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रामाशंकर तिवारी ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आजसू 9 जून को सुबह नौ बजे से बीसीसीएल ब्लॉक-2 क्षेत्र के 5 पॉइन्ट 14 नंबर हाजरी घर के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेगा। यह आंदोलन आउटसोर्सिंग कंपनियों की तानाशाही, भ्रष्टाचार, और नियमों के विरुद्ध हो रहे कार्यों के खिलाफ किया जाएगा। रामा शंकर तिवारी ने आरोप लगाया कि बाघमारा क्षेत्र में संचालित बीसीसीएल एवं आउटसोर्सिंग कंपनियां बिना स्थानीय रैयतों को उचित मुआवजा, 75 फीसदी स्थायी रोजगार, पुनर्वास, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं दिए मनमानी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कोल वाशरी और ओपन कास्ट परियोजनाएं एनआईटी और खनन नियमावली का खुला उल्लंघन कर रही हैं। कहा कि जहां एक ओर बीसीसीएल नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित ग्रामीण न्याय की तलाश में शासन-प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। धरना का नेतृत्व और समर्थन गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी करेंगें। रामा शंकर तिवारी ने बाघमारा के सभी स्थानीय नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और आजसू के पदाधिकारियों से जन आंदोलन में भागीदारी की अपील की है।


सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी।

# बेरमो में हर्षोल्लास के साथ मना बकरीद का त्योहार नमाज अदा कर मांगी अमन चैन-भाइचारे की दुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में शनिवार को त्याग और बलिदान का महापर्व बकरीद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व से निर्धारित समयानुसार इस दिन बकरीद की नमाज अदा कर देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआएं मांगी गयी। नप क्षेत्र के करगली फुटबॉल ग्राउंड, करगली स्थित महिला मंडल सहित राजाबेड़ा के अंसारी मोहल्ला और शाह मोहल्ला, भेड़मुक्का, पटेल नगर के मदनी मस्जिद, मक्का मस्जिद, रहीमगंज, बीडीओ ऑफिस के रजा नगर, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, अमलो बस्ती, सुभाष नगर खनका, रामनगर मदरसा आदि में नमाज अदा की गयी। इसके बाद नमाजियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। करगली फुटबॉल मैदान में हाफिज एहशानुल हौदा ने लोगों को नमाज अदा करायी। जबकि रहीमगंज स्थित जामा मस्जिद के इमाम इरफान कादरी शा ने ईद उल-अजहा का नमाज अदा कराया। इस मौके पर बेरमो पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रही। बकरीद की नमाज अदा करने पहुंचे समाजसेवी सह पूर्व पार्षद मोहम्मद रियाज खान, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के मंजूर हुसैन उर्फ जिया, इलियास हुसैन एवं फैजान अख्तर, झामुमो नेता भोलू खान, कांग्रेसी नेता सलीम जावेद उर्फ मोती, यंग ब्लड के केंद्रीय अध्यक्ष जावेद खान ने बताया कि देश की खुशहाली, तरक्की, शांति और भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई है। बकरीद जिसे ईद-उल-अजहा भी कहा जाता है, यह हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम भाईयों से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। मौके पर इलियास हुसैन, अमजद हुसैन, आकिब जावेद, महबूब आलम, मंसूर हुसैन, अजहर खान, फैजान अख्तर, अमन हुसैन, फरदीन इलियास, शोएब अख्तर, जीशान अख्तर, अदनान अमीश हुसैन उर्फ गोलू, आसिफ खान, मेहताब खान, मोहम्मद इम्तियाज, रेहान हुसैन आदि उपस्थित थे।





### फुसरो में मजिस्ट्रेट-पुलिस बल तैनात

बेरमो-फुसरो के पुराना बीडीओ ऑफिस में बने कंटोल रूम में एसडीएम मुकेश मछुवा और एसडीपीओ बशिष्ट नारायण सिंह ने कहा कि थानाध्यक्षों को सतर्कता बरते जाने का निर्देश दिया गया है। मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। संवेदनशील स्थानों में पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ायी गयी है। क्यूआरटी को भी अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। वे खुद इसका जायजा भी ले रहे हैं। कुछ संवेदनशील स्थानों को भी चिन्हित किया गया है। इस अवसर पर बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, सीओ संजीत कुमार सिंह, बीडीओ मुकेश कुमार के नेतृत्व मे पुलिस बल त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए लगे हुए हैं।










## AFFIDAVIT


As per Affidavit Ref.No.218/18 Dated- 05/06/2025 I, Sweta Kumari D/o Sri Indradeo Das, aged about 33 years, by faith Hindu by occupation student and a resident of Village Lakhekura, P.O. Sankh, P.S. Ganwa, Dist. Giridih (Jharkhand). Pin- 815313, do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That I am living at the address mentioned above. My Unique Aadhar no. is 3244 2818 7265.
2. That in my said Aadhar card my name shweta Kumari, which in my nick name but in my Matriculation Admit card and other Educational papers my actual name Mina Kumari has been mentioned.
3. That I intend to insert my actual and genuine name Mina Kumari in my said Aadhar card and in all other documents.
4. That I intend to insert my name Mina Kumari in my all Educational papers and other documents as it is my actual name in place of my nick name shweta Kumari.
5. That the statements made above are true and correct.
6. That I am swearing this affidavit to submit the same before the authority concern for needful.

sworn and signed at Ranchi on 05/06/2025


























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21